रोहतक
शनिवार 18 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 73
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 41.7
न्यून. 20.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 भारत को झटका, उबेर कप फाइनल्स से हटी त्रिसा-गायत्री

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में सड़क हादसे में परिवार के नौ की मौत

**यादगिर।** कर्नाटक में यादगिर में एक निजी बस से भिड़ंत के बाद कार में आग लगने से एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुका में शांतापुरा क्रॉस के पास हुई। मृतकों की पहचान कृष्णा नायक, उनकी पत्नी अनंत काला, शरणप्पा और पत्नी निसर्गा, उनके बच्चों सिद्धार्थ, आद्विक, श्रीनिधि, शशिकला व उनके बेटे चंदन के रूप में हुई है।

### झारखंड: मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए

**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड के हजारीबाग जिले मेंसुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ केरेडारी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटुका वन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद हुई। बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि गोलीबारी में चार माओवादी मारे गए हैं। उनकी पहचान की जा रही है। *भाषा*

### कर्नाटक : हत्या में कांग्रेस विधायक को उम्रकैद

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने भाजपा नेता योगेश गौड़ा हत्या मामले में कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस मामले में दोषी पाए गए 16 अन्य लोगों को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने आपराधिक साजिश और हत्या सहित आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत कुलकर्णी और अन्य को दोषी ठहराया था। *भाषा*

### कल से शुरू होगी चारधाम यात्रा

**देहरादून।** उत्तराखंड में इस साल चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। यहां श्रद्धालुओं के लिए ग्लेशियरों को काटकर स्नो कॉरिडोर तैयार किया है, जिससे वे बर्फ के बीच बाबा केदार के दर्शन कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन की संख्या इस उत्साह का प्रमाण है, क्योंकि पहले दिन 42,405 रजिस्ट्रेशन के बाद 15 अप्रैल तक यह संख्या 5,96,100 पहुंच गई है। *भाषा*

### आसाराम आश्रम गिराने का रास्ता साफ

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने मोटेरा आश्रम ट्रस्ट की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। इस याचिका में शहर के मोटेरा इलाके में स्थित भूखंड को खाली कराने की सरकारी कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। कोर्ट के फैसले से राज्य सरकार के लिए आश्रम की जमीन अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया है। एजेंसी

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश व ओलों ने फुलाई किसानों की सांसें, मंडियों में भीगा गेहूं, भारी नुकसान का अंदेशा

### तापमान 40 से 45 डिग्री के आसपास रहा

**हरिभूमि टीम ▸▸| हरियाणा**

पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के चलते शुक्रवार को दोपहर बाद कई जिलों में बारिश होने से मंडियों में पड़ा लाख क्विंटल गेहूं भीग गया। इसके अलावा खेतों में गेहूं की कटाई का कार्य भी प्रभावित हुआ। करीब 2.6 मिलीमीटर बारिश से अधिकतम पारा 3 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। गुरुवार को अधिकतम पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था, वह शुक्रवार को गिरकर 38.1 पर आ गया। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार को मौसम के परिवर्तनशील बने रहने की संभावना जताई है। उसके बाद गर्मी के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे। शुक्रवार को हिसार, सिरसा, कैथल, भिवानी, पानीपत और सोनीपत में तेज बारिश हुई। नूंह और फतेहाबाद में बूंदाबांदी हुई। हांसी में बारिश के साथ ओले गिरे। भिवानी के जुई में भी ओलावृष्टि हुई। अधिकतर जिलों में बादल छाए रहे।

**सात जिलों में चली तेज आंधी, हांसी व भिवानी में ओलावृष्टि**



झज्जर अनाज मंडी में भरा पानी

#### औसत तापमान में गिरावट

राज्य में झुलसाने वाली गर्मी शुरू हो गई है। पारा 3.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा। नारनौल में सर्वाधिक 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से 4.6 डिग्री तक ज्यादा है। शुक्रवार को औसत अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। हालांकि, यह राज्य में सामान्य के करीब है।

#### बढ़ रहा रात का पारा

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। औसतन 0.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ कई जिलों में रातें गर्म होने लगी हैं। नारनौल और चरखी दादरी में रात का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से अधिक है। वहीं, महेंद्रगढ़, हिसार और रोहतक में भी न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में राहत बनी हुई है। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ, जिससे हल्की ठंडक महसूस की गई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में बादल और तेज हवाओं के कारण रात के तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### कई राज्यों में भीषण गर्मी ने तपाया

देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। गुरुवार को यूपी के बांदा में पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस, एमपी के नर्मदापुरम में 43 डिग्री सेल्सियस, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, आज जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है।

# दो तिहाई बहुमत जुटाने में नाकाम रहा 'नारी वंदन'

### पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े

**भाषा/हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| नई दिल्ली**

लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के संसदीय चुनावों से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। विधेयक पर मत विभाजन में 528 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस विधेयक को पारित करने के लिए 352 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। सरकार ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं को अधिकार और सम्मान देने का एक ऐतिहासिक मौका गंवा दिया है। वहीं दूसरी तरफ, विपक्ष ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर 'आक्रमण' था, जिसे विपक्षी दलों ने रोका है।

*लोकसभा में बिल पास करवाने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी, 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह बिल 54 वोट से गिर गया। लोस में कुल 543 सीटें हैं, 3 सीटें खाली होने से मौजूदा संख्या 540 है।*

*21 घंटे की चर्चा के बाद महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर वोटिंग करवाई गई। विधेयक पर चर्चा में 130 सांसदों ने भाग लिया, इसमें 56 महिला सांसद शामिल थीं। रिजिजू बोले-विपक्ष ने साथ नहीं दिया।*

#### सत्तापक्ष की महिला सदस्यों का प्रदर्शन

लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पर मत विभाजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो पाने के बाद, संसद परिसर में सत्तापक्ष की महिला सदस्यों ने विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने ''कांग्रेस पार्टी हाय-हाय'' और ''कांग्रेस महिला विरोधी'' के नारे लगाए। महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन की मंशा को करोड़ों देशवासियों ने देख लिया है।



*12 साल के शासन में यह पहला मौका है जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने कहा, यह बिल पास नहीं होता है तो विपक्ष की जिम्मेदारी होगी। महिलाएं देख रही हैं उनकी राह का रोड़ा कौन है।*

#### ये दो बिल पेश नहीं हुए

1. परिसीमन संशोधन संविधान
2. केंद्र शासित प्रदेश कानून 'संशोधन' बिल

*सरकार ने इन पर वोटिंग से इनकार किया*

#### अमित शाह बोले-विपक्ष ने पास नहीं होने दिया विधेयक

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिल पास न होने पर कहा कि कांग्रेस, द्रमुख, टीएमसी और समाजवादी पार्टी ने महिलाओं के आरक्षण संबंधित संशोधित विधेयक को पास नहीं होने दिया। ये महिला विरोधी हैं। देश की महिलाएं इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। हमारी सरकार यह बिल लाकर रहेगी।

#### हमने संविधान पर हमले को हराया : राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमने संविधान पर हुए हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह बिल महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की संरचना को बदलने का एक तरीका है।

#### अन्याय किसके साथ?

महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष ने दक्षिणी राज्यों के साथ अन्याय का मुद्दा जोरशोर ये उठाया और इसी आधार पर बिल का विरोध किया। हकीकत पर एक नजर डालें।

**हरियाणा**

- लोकसभा सीटें : 10
- जनसंख्या : 3.4 करोड़
- जीडीपी : 15 लाख करोड़
- विकास दर : 11%प्रति व्यक्ति
- जीडीपी : 3.95 लाख/वर्ष
- राजकोषीय घाटा : जीडीपी का 2.7%
- ऋण-से-जीडीपी अनुपात : 26.18%
- कुल निर्यात : 18 बिलियन डॉलर

**केरल**

- लोकसभा सीटें : 20
- जनसंख्या : 3.4 करोड़
- जीडीपी : 13 लाख करोड़
- विकास दर : 6%प्रति व्यक्ति
- जीडीपी : 3.17 लाख/वर्ष
- राजकोषीय घाटा : जीडीपी का 3.4%
- ऋण-से-जीडीपी अनुपात : 35%
- कुल निर्यात : 10 बिलियन डॉलर

*हरियाणा सभी महत्वपूर्ण मानकों पर केरल से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। जनसंख्या भी लगभग समान है, फिर भी उसके पास केवल 10 लोकसभा सीटें हैं। तो किसके साथ अन्याय हो रहा है । उत्तर भारत का हरियाणा या दक्षिण भारत का केरल?*

*ईरान व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा*

# होर्मुज सबके लिए खुला, सभी वाणिज्यिक जहाज गुजर सकेंगे

**तेहरान/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य वाणिज्यिक जहाजों के लिए 'पूरी तरह से खुला' है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'लेबनान में हुए युद्धविराम के मद्देनजर, होर्मुज से होकर गुजरने वाले सभी वाणिज्यिक जहाजों के लिए मार्ग युद्धविराम की शेष अवधि के लिए पूरी तरह से खुला घोषित किया गया है।' ट्रंप ने लेबनान और इजराइल के बीच 10 दिनों के युद्धविराम की घोषणा की थी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है, लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी।



### ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार : ट्रंप

ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है। ट्रम्प ने व्हाइट यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। हालात सामान्य हो जाएंगे। अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।



### तेल की कीमतों में गिरावट

ईरान के होर्मुज स्ट्रेट खुला रखने के ऐलान के बाद वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। रॉयटर्स के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड 11.12 डॉलर यानी 11.2% गिरकर 88.27 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं अमेरिकी क्रूड 11.40 डॉलर यानी 12% गिरकर 83.29 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

*दोहरी नागरिकता मामले में बढ़ी कांग्रेस नेता की मुश्किलें*

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के आदेश

**लखनऊ (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ शुक्रवार को दोहरी नागरिकता के कथित विवाद के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज होने के बाद राज्य सरकार किसी भी केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच करने का निर्देश दे सकती है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ने 28 जनवरी, 2026 को विशेष सांसद-विधायक अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी।



हाईकोर्ट ने कहा ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे सीबीआई

*पत्रकारिता से राजनीति में आए, निर्विरोध निर्वाचित*

## हरिवंश राज्यसभा में तीसरी बार बने उपसभापति

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** मनोनीत सदस्य हरिवंश को शुक्रवार को राज्यसभा का उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित किया गया। पत्रकारिता से राजनीति में आए हरिवंश का यह उपसभापति के रूप में तीसरा कार्यकाल है। राज्यसभा के उपसभापति का पद हरिवंश का उच्च सदन में कार्यकाल नौ अप्रैल को समाप्त होने के बाद रिक्त हो गया था। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया। हरिवंश ने 10 अप्रैल को उच्च सदन की सदस्यता की शपथ ली। केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जे. पी. नड्डा ने हरिवंश को राज्यसभा का उपसभापति निर्वाचित किए जाने के लिए पहला प्रस्ताव पेश किया।



पहली बार मनोनीत सदस्य को उपसभापति चुना गया

*मित्तल के 10 ठिकानों पर रेड के दो दिन बाद ही यह ऐक्शन*

## पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी के छापे

**लुधियाना(एजेंसी)।** पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा पर ईडी ने छापेमारी की है। इसी सप्ताह राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता अशोक मित्तल के ठिकानों पर भी रेड मारी गई थीं। संजीव अरोड़ा के घर छापेमारी की जानकारी सौरभ भारद्वाज ने भी दी है। इसके साथ ही उन्होंने इसमें भाजपा का हाथ भी बता दिया और कहा कि इनकी चुनाव की तैयारी ऐसे ही होती है, जो शुरू हो चुकी है। आप के राज्यसभा सांसद और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के चांसलर अशोक मित्तल के 10 ठिकानों पर ईडी की रेड के दो दिन बाद ही यह ऐक्शन हुआ है। शुक्रवार सुबह लुधियाना में संजीव अरोड़ा के घर पर ईडी की टीम पहुंची और छापेमारी की। इस दौरान बाहर केंद्रीय पुलिस बल को तैनात किया गया था।



*सबरीमाला : 5वें दिन की सुनवाई याचिकाकर्ता ने रखा अपना तर्क*

## आस्था और विश्वास समय के साथ बदलते हैं, कानून से नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कानूनी जंग तेज हो गई है। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई हुई है। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता; बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है। इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता।

**करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक**

## सोनीपत और भिवानी में हुई घटनाओं से हड़कंप

### फार्म हाउस संचालक व महिला के शव फंदे पर लटके मिले

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** राठधना रोड स्थित मुनमुन फार्म हाउस के संचालक और एक महिला के शव फंदे से लटके मिले। इसके बाद फार्म हाउस में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार वेस्ट राम नगर निवासी सुमेश स्वामी (45) राठधना रोड पर फार्म हाउस चलाते हैं। शुक्रवार सुबह जब उनके बेटे मोहित ने फोन किया और पिता ने उत्तर नहीं दिया तो वह फार्म हाउस पहुंचे। वहां एक कमरे में पिता और एक महिला को फंदे पर लटका देखा। सदर थाना प्रभारी अशोक कुमार और एसीपी मलकीत सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौक पर पहुंचे महिला की पहचान बैंयापुर निवासी दिलशान के रूप में हुई है जो कैटरिंग का कार्य करती थी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। कमरे से शराब की बोतल, सिगरेट और नकदी समेत अन्य सामग्री बरामद हुई है। पुलिस जांच कर रही है।

**फार्म हाउस के कमरे से शराब और सिगरेट के पैकेट भी मिले**

### भिवानी के प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर दी जान

**लोहारू/भिवानी।** राजस्थान के गुढ़ागौड़जी थाना के गांव भोड़की में एक पेड़ पर युवक व युवती के शव लटके मिले, जिनमें युवक भिवानी के गांव चांग का निवासी है। मृतक सुनील के परिजनों को इसकी जानकारी तब मिली, जब राजस्थान पुलिस ने जांच पड़ताल कर गांव चांग में फोन किया। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और पोस्टपार्टम के बाद शव को गांव लेकर आए और दाह संस्कार किया। उल्लेखनीय है कि चांग निवासी सैनिक सुनील की इंस्टाग्राम पर युवती से दोस्ती हुई थी और इस दोस्ती ने भरापूरा परिवार उजाड़कर रख दिया। गांव चांग निवासी 31 वर्षीय सैनिक सुनील का शव युवती के साथ राजस्थान के गुढ़ागौड़जी थाना के गांव भोड़की में एक पेड़ से लटका मिला है। मृतक सुनील के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**युवक और युवती राजस्थान के गुढ़ागौड़जी में पेड़ से लटके मिले**

## सेना की जासूसी का शक, सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर

# दुश्मन की हम पर हर वक्त नजर, अब अंबाला में एनएच 44 पर मिले दो संदिग्ध सीसीटीवी

### देशद्रोह की एफआईआर दर्ज, जांच तेज

*पुराने हादसे की जांच कर एएसआई को नेशनल हाईवे 152 के ओवरब्रिज पर ये कैमरे दिखाई दिए। अभी तक किसी भी विभाग ने इनकी जिम्मेदारी नहीं ली है। सुरक्षा के हिसाब से अंबाला बेहद संवेदनशील माना जाता है।*

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** सोनीपत, पानीपत और गाजियाबाद के बाद अब अंबाला में दो संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे मिलने से हड़कंप मच गया है। यहां नेशनल हाईवे-44 और रिंग रोड के जंक्शन पर दो सीसीटीवी कैमरे मिले हैं। माना जा रहा है कि ये सेना की जासूसी के लिए लगाए गए थे। इन कैमरों का खुलासा तब हुआ, जब थाना सेक्टर-9 के एएसआई रविश कुमार गांव देवी नगर के पास एक पुराने हादसे की जांच कर रहे थे। उन्होंने नेशनल हाईवे-152 के ओवरब्रिज पर ये कैमरे देखे। इसके बाद से सुरक्षा एजेंसियां हाईअलर्ट पर हैं।



#### लकड़ी के तख्ते के सहारे चल रहा था कैमरा

**जांच में यह खुलासा :** इन हाईटेक कैमरों की जांच में सामने आया कि एक कैमरा लकड़ी के तख्ते और सोलर प्लेट के सहारे चल रहा था, जिसमें वीआई कंपनी का एक सिम कार्ड भी लगा था। कैमरों के लावारिस और संदिग्ध पाए जाने के बाद एएसआई रविश कुमार ने आशंका जताई है कि इन उपकरणों का उपयोग देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने या महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने के लिए किया जा रहा था। यह कार्य किसी खुफिया एजेंसी या देशद्रोही तत्वों द्वारा किया जा सकता है।

**क्या कहते हैं ट्रैफिक एसएचओ :** ट्रैफिक थाना मोहड़ा के एसएचओ जोगिंद्र सिंह ने पुष्टि की कि हाईवे पर पुलिस का कोई कैमरा नहीं है। नेशनल हाईवे ऑथॉरिटी के अधिकारी ललित कुमार ने भी इन कैमरों को अपना होने से इनकार कर दिया। रिंग रोड प्रोजेक्ट पर काम कर रहे अधिकारियों ने भी जानकारी होने से मना कर दिया। टोल मैनेजर विनोद कुमार ने साफ किया कि उनके कैमरे सिर्फ टोल प्लाजा तक सीमित हैं। थाना सदर में धारा 152 और 61 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### कैमरों का हो पंजीकरण

प्रदेश के तीन जिलों में अब तक संदिग्ध कैमरे मिल चुके हैं। ऐसे में जरूरी है कि घरों के बाहर और अन्य जगहों पर लगे कैमरों की भी जांच की जाए और इनका पंजीकरण भी अनिवार्य किया जाए।

## खबर संक्षेप

### बसों में यूपीआई से पेमेंट की सुविधा मिलेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा रोडवेज की बसों में यात्रियों को टिकट के भुगतान के लिए, डिजिटल सुविधा मिलने जा रही है। परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के जरिए भुगतान की व्यवस्था शुरू करने का फैसला किया है। इसकी शुरुआत प्रदेश के एक जिले से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर की जाएगी, जिसके सफल होने के बाद इसे सभी जिलों और डिपो में लागू कर दिया जाएगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि रोडवेज बसों में भुगतान से संबंधित तकनीकी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इसे जल्द ही अब जमीन पर उतारा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, ताकि यात्रियों को बिना किसी परेशानी के डिजिटल भुगतान की सुविधा मिल सके।

### जनगणना में लगे कर्मियों का नहीं होगा तबादला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने जनगणना-2027 का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, जनगणना कार्य से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों या तैनाती पर 31 मार्च, 2027 तक रोक लगाने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार, जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना-2027 के कार्य में लगाया गया है या जो सीधे संबंधित प्रशासनिक नियंत्रण में आते हैं, उनके स्थानांतरण पर 31 मार्च, 2027 तक रोक लागू रहेगी। यह आदेश आईएएस, एचसीएस अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, जिला राजस्व अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों पर लागू होगा।

### शम्भु बने शाहाबाद के उपमंडल अधिकारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने एचसीएस अधिकारी शम्भु को तुरन्त प्रभाव से रिक्त पद के समक्ष शाहाबाद का उपमंडल अधिकारी (नागरिक) लगाया है।

# भाजपा ने संकल्प पत्र निर्माण समिति बनाई, कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी का मुद्दों पर मंथन

## स्थानीय मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा : मोहनलाल बड़ौली



■ समिति में मंत्री विपुल गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल व अन्य नेता शामिल

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने नगर निकाय चुनाव के लिए पांच सदस्यीय राज्य संकल्प पत्र निर्माण समिति का गठन किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने समिति में मंत्री विपुल गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, पानीपत मेयर कोमल सैनी और स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद को शामिल किया है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने निकाय चुनाव के लिए अंबाला नगर निगम के कलस्टर इंचार्ज और वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति भी की है। मंडल दुर्गा नगर और बलदेव नगर के वार्ड 1 से 4 का हरपाल सिंह चीका को कलस्टर इंचार्ज नियुक्त किया है। वहीं अशोक दीवान, अमृत लाल जोशी, रविंदर सांगवान, नवदीप चावरिया, धर्मपाल शांडिल्य, सुरेश जागलान, कृष्ण शर्मा और ईश्म सिंह को मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। सैनी ने बताया कि मंडल अंबाला शहर और बलदेव नगर के वार्ड 5 से 8 का सतपाल जांबा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कलस्टर इंचार्ज नियुक्त किया है। वार्ड पांच का प्रभारी कृष्ण सिंगला और कपिल पांडेय को नियुक्त किया है। वार्ड 6 बलदेव नगर व अंबाला शहर का प्रभारी सुभाष चंदर और जयसिंह पाल को बनाया है। वार्ड 7 के प्रभारी की जिम्मेदारी गुरदयाल सुनहेड़ी और संजय सैनी को दी है। वार्ड 8 का प्रभारी अमनदीप विर्क और मेहर सिंह को बनाया है।

## भ्रष्टाचार व महिला आरक्षण को बनाएंगे मुद्दा: गीता भुक्कल



■ सफाई व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा में नगर निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस कार्यालय में मैनिफेस्टो कमेटी की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकाय चुनाव के लिए पार्टी के संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) के मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र तैयार करने के लिए, विशेष कमेटी का गठन किया है।

जिसकी जिम्मेदारी झज्जर से वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री गीता भुक्कल को सौंपी गई है। हरियाणा में 10 मई को नगर निकाय चुनाव प्रस्तावित हैं, जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग पहले ही कार्यक्रम घोषित कर चुका है। मीडिया से बातचीत में गीता भुक्कल ने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े हर बड़े मुद्दे को लेकर लोगों के बीच जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि इस बार निकाय चुनाव में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा रहेगा। भुक्कल ने आरोप लगाया कि पंचकूला नगर निगम में बड़ा घोटाला सामने आया है, जबकि फरीदाबाद में करीब 200 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला भी गंभीर है। इसके अलावा अंबाला, गुरुग्राम समेत कई शहरी निकायों में भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में अनियमितताओं को कांग्रेस जनता के बीच उठाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाएं, सीवर, पेयजल, सड़क और शहरी विकास को अपने संकल्प पत्र में प्रमुखता देगी। पार्टी चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है।

### जनरल, पुलिस व व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने आगामी 10 मई को निर्धारित स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करने के लिए जनरल, पुलिस एवं व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की है। आयोग द्वारा वरिष्ठ आईएएस, आईपीएस एवं एचसीएस अधिकारियों को डिम्ड डिपुटेशन पर नियुक्त करते हुए उन्हें अंबाला, पंचकूला, सोनीपत सहित अन्य संबंधित जिलों में चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की निगरानी हेतु तैनात किया गया है।

## फतेहाबाद, यमुनानगर और नारनौल में अस्पतालों पर सीएम फ्लाइंग की रेड

# आयुष्मान योजना में भर्ती मरीजों का रिकॉर्ड खंगाला

**टीम ने मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं व इलाज पर फीडबैक लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सीएम फ्लाइंग टीम ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर फतेहाबाद के एक निजी अस्पताल में चेकिंग की। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में डॉक्टर सुशील, डॉक्टर जतिन, एसआई कृष्ण कुमार और एएसआई सुरेंद्र सहित टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे। अस्पताल रिकॉर्ड के अनुसार 1 जनवरी 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक 1017 मरीजों का इलाज आयुष्मान योजना के तहत दिखाया गया और करीब 1 करोड़ 57 लाख रुपये का क्लेम सरकार से लिया गया। इस दौरान अमनदीप ने बताया कि उनके पिता को 17 अप्रैल को सीने में दर्द के चलते भर्ती कराया गया, लेकिन योजना के तहत इलाज होने के बावजूद उनसे 10,650 रुपये लिए गए। जबकि अस्पताल प्रशासन का कहना है कि ऐसा मामला नहीं है। यह इमरजेंसी केस होते हैं, जिनका तुरंत उपचार शुरू किया जाता है, लेकिन अगले दिन उसे आयुष्मान में शामिल कर दिया जाता है। इसे भी टीम को स्पष्ट कर दिया गया है।



### नारनौल : एक साल का रिकॉर्ड चेक किया

**नारनौल।** आयुष्मान भारत योजना में संभावित गड़बड़ियों को लेकर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने शुक्रवार को संयुक्त टीम बनाकर औचक निरीक्षण कर अस्पतालों की जांच की। टीम ने शहर के दो बड़े अस्पतालों में छापामारी कर दस्तावेजों को जांचा। गुप्त सूचना के आधार पर आज उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीएम फ्लाइंग, गुप्तचर विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर के आयुष्मान योजना के तहत इलाज कर रहे अस्पतालों का निरीक्षण किया। सबसे पहले टीम सिंघाना रोड स्थित रेनबो अस्पताल पहुंची। निरीक्षण के दौरान टीम में शामिल डॉक्टर ने सभी मरीजों की मौके पर जांच की और उनसे यह भी पूछा कि आयुष्मान कार्ड के बावजूद उनसे कोई अतिरिक्त शुल्क तो नहीं लिया जा रहा। इसके अलावा टीम ने अस्पताल का करीब एक साल का रिकॉर्ड भी खंगाला। इसके बाद टीम एक अन्य अस्पताल में पहुंची जहां आयुष्मान के 2, ईसीएचएस के 5 और टीपीए के 2 मरीज भर्ती मिले। यहां भी मरीजों से पूछताछ और दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण के बाद टीम आवश्यक रिकॉर्ड अपने साथ ले गई है, जिसकी आगे जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### यमुनानगर में 12 मरीज भर्ती मिले

**यमुनानगर।** शहर के चड्ढा अस्पताल में मुख्यमंत्री उड़न दस्ते द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड सेंटर पर लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि अस्पताल में कुल 12 लाभार्थी भर्ती थे, जिनका इलाज आयुष्मान योजना के तहत चल रहा है। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के अधिकारियों ने मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर यह सुनिश्चित किया कि उनसे किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क तो नहीं लिया जा रहा। इस पर लाभार्थियों ने स्पष्ट रूप से बताया कि अस्पताल में उनसे कोई भी अतिरिक्त पैसा नहीं लिया जा रहा है और उन्हें योजना के तहत निशुल्क उपचार मिल रहा है। इस मौके पर यमुनानगर सिविल अस्पताल के डॉक्टर अनुराग गुप्ता, मुख्यमंत्री उड़न दस्ते के इंस्पेक्टर राजेश, एएसआई जनक, हेड कांस्टेबल बलजिंदर सहित अन्य मौजूद रहे।

# संत कबीर के विचार आज भी मानवता को सही दिशा दिखाने वाले : नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने मोहाली में सेमिनार को संबोधित किया

**चंडीगढ़ में गली क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया**



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर दास के विचार और शिक्षाएं आज के दौर में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने 15वीं शताब्दी में समाज में व्याप्त धार्मिक कट्टरता, पाखंड और भेदभाव के विरुद्ध जो क्रांतिकारी आवाज उठाई थी, वह आज भी समाज को एकता, समरसता और विश्व बंधुत्व का मार्ग दिखाती है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के मोहाली में संत कबीर जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां संतों की वाणी गूंजती है, वह स्थान केवल सेमिनार नहीं बल्कि सत्संग का रूप ले लेता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और अध्यात्म के माध्यम से शांति का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जब विश्व विभिन्न प्रकार के तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, ऐसे समय में संत कबीर का दर्शन और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। उनके विचार मानव समाज के लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं, जो शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।

उन्होंने संत कबीर जी को सच्चा मानवतावादी बताते हुए, कहा कि उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और हर प्रकार के भेदभाव का दृढ़ता से विरोध किया। उनकी वाणी की सरलता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति थी, जो सीधे जन-मानस में उतर जाती थी और आज भी पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों को प्रेरित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार संत-महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचा रही है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sn | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-UMB-PS-75-26-1 | अंबाला कैंट में सिंगल ब्रांड कंपनी के स्वामित्व वाली/संचालित प्रीमियम आउटलेट की स्थापना और संचालन अंबाला डिवीजन के रेलवे स्टेशन पर 05 वर्षों की अवधि के लिए (साइट–योजना के अनुसार) | 27.04.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 1269/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पंजाब चुनाव से पहले साजिश रच रही केंद्र सरकार : ढांडा



■ पार्टी के दो नेताओं पर ईडी के छापे पर भड़के आप नेता

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने पंजाब में लगातार हो रही प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारियों को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि पिछले तीन दिनों में पंजाब में आप के दो वरिष्ठ नेताओं पर ईडी की रेड होना यह साफ दिखाता है कि यह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि चुनाव से पहले रची गई राजनीतिक साजिश है। जो दिखाता है कि बीजेपी सत्ता हथियाने के लिए हर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करती है। अनुराग ढांडा ने कहा कि राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल और कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के घरों पर लगातार कार्रवाई यह साबित करती है कि भाजपा सरकार एजेंसियों को अपने राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

## निकाय चुनाव के लिए आप पूरी तरह तैयार : डॉ. गुप्ता



■ राष्ट्रीय संयोजक से मुलाकात कर चुनाव के मुद्दों पर चर्चा की

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा प्रदेश के तीन नगर निगमों (अंबाला, पंचकूला, सोनीपत), नगर परिषद व पालिकाओं के आम चुनाव और विभिन्न निकायों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा का स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर निकाय चुनावों और प्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की है। चुनाव कार्यक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ गुप्ता ने स्पष्ट किया कि पार्टी तीनों नगर निगमों के चुनाव अपने आधिकारिक चिन्ह झाड़ू पर पूरी एकजुटता के साथ लड़ेगी।

## राजस्व शिकायतों का 48 घंटे में होगा समाधान

**चंडीगढ़।** हरियाणा राजस्व विभाग ने पंजीकरण और अन्य राजस्व सेवाओं से जुड़ी जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान के लिए एक समर्पित सिटिजन हेल्प डेस्क शुरू करने की घोषणा की है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेशानुसार शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शिकायतों के समाधान में होने वाली देरी को खत्म करना, अनियमितताओं पर रोक लगाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक हेल्पडेस्क एक सिंगल-विंडो प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा, जहां हरियाणा के निवासी तहसीलों में टोकन के अनुमोदन में देरी, ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली में तकनीकी खामियां, पेपरलेस पंजीकरण से जुड़ी समस्याएं, भ्रष्टाचार, अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न या सरकारी सेवाओं, विशेषकर संपत्ति पंजीकरण से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता के बारे में शिकायत दर्ज करवा सकेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **सुनील, पुत्रः सतबीर, निवासीः गांव आसंडा, जिला झज्जर, हरियाणा** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 97/2016 U/S 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना कंझावला, रोहिणी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **सुनील** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 97/2016 U/S 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कंझावला, रोहिणी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **सुनील** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 23.05.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री अपूर्व भारद्वाज,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02,
कमरा संख्या 113, उत्तर–पश्चिम,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।

DP/4962/RD/2026
(अदालती मामला)

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : प्रथम तल, नं. 159/20, सुधा कॉम्पलैक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001

चूंकि
अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेखा पत्नी मनदीप (कर्जदार), मनदीप कादयान (सह-कर्जदार), मनदीप कादयान (सह-कर्जदार), सतनारायण पुत्र मामचन्द्र (सह-कर्जदार), गांव भुरी (96) राजपुर, जिला सोनीपत-131100 LHSNP00001544581. | सतनारायण के पक्ष में दस्तावेज नं. 3636 दिनांक 31.03.2017 के अनुरूप जमाबंदी वर्ष 2011-12 के अनुसार वाका रकबा ग्राम/गांव भुरी, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत में स्थित खेवट नं. 202 खाता नं. 277, किल्ला नं. 26//15/2/2/2/1(1-13) में निहित भूमि माप 1के-13एम का 21/33 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 633 वर्गगज अर्थात 1के-1एम के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं : उत्तर - 83 फुट ईश्वर का मकान, दक्षिण - 136 फुट निजी रास्ता राजेन्द्र, पूर्व - 52 फुट राजेश, पश्चिम - 75 फुट रोड।/ कब्जे की तिथि : 13.04.2026 | 28-01-2026 रु. 24,14,702/- | सोनीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 18 अप्रैल 2026 स्थान : सोनीपत
प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# फिर विवादों में मासूम शर्मा, अब सवाल पूछने पर पत्रकारों पर भड़के

**पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी**

■ अपनी फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे थे चंडीगढ़

**चंडीगढ़।** हरियाणवी चर्चित गायक मासूम शर्मा चंडीगढ़ में फिल्म की प्रमोशन के लिए एक होटल में पहुंचे। यहां पर उनके साथ में आए दिन होने वाले विवाद व बाद में माफी मांगने जैसे सवाल पर पत्रकारों से भिड़ पड़े। शर्मा ने उल्टा हमला किया और क्या प्रेस कॉन्फ्रेंस खराब करने की सुपारी लेकर आए हो। इस पर काफी देर तक मासूम शर्मा और पत्रकारों में भिड़ंत होती रही।

मासूम शर्मा ने सवाल जवाब के दौरान कहा कि उल्टे सीधे सवाल मत पूछो साथ ही देहरादून विवाद पर एक बार फिर से कहा कि देवभूमि पर जो भी उन्होंने कहा उसके लिए वहां के लोगों से खुलकर माफी मांगता हूं। मासूम शर्मा ने बताया कि अमेरिका में उनके चचेरे भाई को किसी ने धमकी भरा फोन किया था, जिसमें उन्हें गंभीर परिणाम भुगताने की धमकी दी गई। शर्मा यहीं पर नहीं थमे और कहा कि धमकी देने वाले ने कहा कि मासूम का 20-25 करोड़ का बीमा करा लो, उसके बच्चे पल जाएंगे। अब यह देहरादून से वापस नहीं जाएगा और चचेरे भाई को भी चेतावनी दी गई कि वह टिकट कटवा ले, उसे भी इमरजेंसी में भारत आना पड़ सकता है।

### बोले- महिला आयोग को भेज दिया लिखित में जवाब

उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा राज्य महिला आयोग को जवाब भेज दिया है, लेकिन व्यस्तता के चलते वह आयोग के दफ्तर में पेश नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि देहरादून स्टेज वाली विवाद पर उन्होंने पहली बार बार माफी मांग ली है। इससे पहले सरपंच विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि वह कुछ और मामला था, मेरे पारिवारिक लोग थे, उस मामले में कहे गए शब्दों को वापस ले लिया था। मासूम शर्मा ने पत्रकारों को चुनौती दी और कहा कि देहरादून वाले मामले में उन्होंने माफी मांगी है, उसके पहले कभी नहीं।



सिंगर ने कहा कि धमकी से उनका परिवार काफी डर गया था और मुझे बहुत गुस्सा आ रहा था समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूं। धमकी देने वाले कार्यक्रम में ही मौजूद थे। उन्होंने अपने व्यवहार पर खेद जताते हुए कहा कि वो इसके लिए माफी मांगते हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बवानी खेड़ा | नगर पालिका बवानी खेड़ा हेतु एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर एक ट्रॉली (जीएसटी, परिवहन, एक्सेसरीज, पंजीकरण और बीमा समेत) की आपूर्ति हेतु तृतीय बार निविदा। (पुनर्निविदा) + 3 अन्य विकास कार्य। | 16.04.2026 23.04.2026 | निविदा मूल्य रु. 43.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 mcbawanikhera@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44697/1/88/6 दि. 17.04.26

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री नरेन्द्र, श्री सत्यवान, श्रीमती राजबाला पत्नी सत्यवान, नरेन्द्र इलैक्ट्रिशियन सत्यवान डेयरी, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10418807) | गांव भाखड़ा, निकट दरियानाथ मंदिर, तहसील व जिला भिवानी, हरियाणा-127030 में खेवट नं. 145, खतौनी नं. 167, किल्ता 25 में से निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप 3607 वर्ग फुट के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3607.00 2004.00, 1603.00 | रु. 558809/- रुपये पांच लाख अठावन हजार आठ सौ नौ केवल | 18-04-2025 | 15-04-2026 |
| श्री अनूप, श्रीमती संतोष देव एल्यूमीनियम वर्क्स (प्रोस्पैक्ट नं. IL10319395) | ढिंगाना लाल डोरा, तहसील व जिला जीन्द, हरियाणा-126114 में स्थित सम्पत्ति/प्लॉट/मकान/यू.आई.डी. नं. 60151E00M0S00L0662A वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 610 | रु. 369822/- रुपये तीन लाख उनहत्तर हजार आठ सौ बाईस | 05-01-2026 | 13-04-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : भिवानी/जीन्द, दिनांक : 18.04.2026
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 03–अम्बाला/2026–27, दिनांकः 17.04.2026**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BTI में TMC स्टाफ हेतु POH/IOH शेड, निरीक्षण पिट एवं निरीक्षण कक्ष, विद्युत एवं इलेक्ट्रोनिक परीक्षण प्रयोगशाला, न्यूमैटिक परीक्षण प्रयोगशाला, प्रशासनिक भवन तथा विश्राम कक्ष का विस्तार एवं ART/SRE, KLK तथा SPARMV BTI के लिए आधारभूत संरचनात्मक सुविधाओं का सृजन (केवल BTI में सिविल कार्य)। | 2,56,14,463/- | 5,12,300/- | 12 महीने | 11.05.2026 |
| 2 | ADEN/PTA के अधीन LDH-DUI एवं JHL-HSR सेक्शन में ट्रैक की सुरक्षित संचालन हेतु CRO स्थानों पर ट्रैक के साथ सुरक्षा फेंसिंग (RCC दीवार/एंटी क्रैश बैरियर) की व्यवस्था। | 4,13,57,818/- | 8,27,200/- | 12 महीने | 11.05.2026 |
| 3 | सेखा, हादियाया, तपा, रामपुरा फूल, लेहरा मुहब्बत, भुच्चू, बठिंडा कैंट, गिद्दड़बाहा, मलोट, नाभा, सुनाम उधम सिंह वाला, धबलान, कौलसेरी, छितनवाला, दौण कलां एवं अहमदगढ़ स्टेशनों के मौजूदा प्लेटफार्मों पर टैक्टाइल गाइडिंग एवं चेतावनी टाइल्स की व्यवस्था। | 1,64,40,372/- | 3,28,800/- | 12 महीने | 11.05.2026 |
| 4 | राजपुरा–धुरी, धुरी–बठिंडा, बठिंडा–श्रीगंगानगर, लुधियाना–धुरी–जाखल एवं जाखल–हिसार सेक्शनों के विभिन्न NSG-1 से NSG-5 श्रेणी के स्टेशनों पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का उन्नयन। | 56,36,286/- | 1,12,700/- | 08 महीने | 11.05.2026 |

**नोटः** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट/बैंक गारंटी बांड, अनुबंध–IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**1270/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 18 वर्ष पहले बचपन में अपहरण का शिकार हुए जज को सुप्रीम कोर्ट से राहत, अपहरणकर्ताओं को पैरोल या छूट देने से पहले मंजूरी लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र शक्तिपीठ के पुजारी के बेटे का 2008 में हुआ था अपहरण, अब दिल्ली में बन चुके हैं जज**

देश की सर्वोच्च अदालत ने एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए उस न्यायिक अधिकारी (जज) और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं, जो बचपन में वर्ष 2008 में अपहरण का शिकार हुए थे। अदालत ने साफ कहा है कि इस मामले में दोषियों को बिना अनुमति राहत नहीं दी जा सकती। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत व न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने दिल्ली पुलिस और हरियाणा की कुरुक्षेत्र पुलिस को आगे कार्रवाई करने का आदेश दिया कि दोषियों को पैरोल या सजा में किसी भी प्रकार की छूट देने से पहले मंजूरी अनिवार्य होगी।

## मिल रहीं धमकियां, सुरक्षा के दिए निर्देश



अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी कारणवश दोषियों को राहत दी जाती है तो पीड़ित अधिकारी स्नेहल शर्मा और उनके परिवार को कम से कम दो सप्ताह पहले सूचित किया जाए, ताकि वे आवश्यक सुरक्षा उपाय कर सकें। सुरक्षा को लेकर अदालत ने दिल्ली पुलिस और हरियाणा की कुरुक्षेत्र पुलिस को निर्देश दिए हैं कि वे खतरे का नया आंकलन करें और परिवार को समुचित सुरक्षा प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ मां भद्रकाली कुरुक्षेत्र के पीठाधीश सतपाल शर्मा के बड़े बेटे स्नेहल शर्मा का मार्च 2008 में नाबालिग रहते हुए फिरौती के लिए अपहरण किया गया था और वर्तमान में दोषी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा लगातार मिल रही धमकियों को गंभीरता से लिया गया है। यह मामला इसलिए भी विशेष है क्योंकि वर्तमान में दिल्ली में न्यायिक अधिकारी स्नेहल शर्मा लगभग दो दशक बाद अपनी सुरक्षा के लिए सर्वोच्च अदालत की शरण में पहुंचे हैं।

### 2025 में भी रिहाई पर लगाई थी रोक

स्नेहल शर्मा के भाई दीवांशु शर्मा भी अब न्यायिक अधिकारी बन चुके हैं। गौरतलब है कि इससे पहले दिसंबर 2025 में भी सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप करते हुए दोषियों की समय पूर्व रिहाई पर रोक लगाई थी, जब अधिकारी ने लगातार बढ़ते खतरों की जानकारी दी थी। यह फैसला न केवल पीड़ितों की सुरक्षा के प्रति न्यायपालिका की संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि न्याय के रास्ते में खड़े अपराधियों को किसी भी प्रकार की रियायत आसानी से नहीं दी जाएगी।

# महिला आयोग ने नाइट क्लबों में मारे छापे, सूचना लीक होने से बंद मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राठधना रोड पर स्थित जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के आसपास संचालित नाइट क्लबों पर गुरुवार देर शाम राज्य महिला आयोग की छापेमारी की कार्रवाई सूचना लीक होने के कारण बेअसर रही। आयोग की टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां क्लबों में अंधेरा पसरा था और संचालक ताले लगाकर पहले ही रफूचक्कर हो चुके थे। इस छापेमारी की खास बात यह रही कि चेयरपर्सन रेणु भाटिया स्वयं कार ड्राइव कर मौके पर पहुंचीं ताकि कार्रवाई को पूरी तरह गुप्त रखा जा सके।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के नेतृत्व में टीम ने यूनिवर्सिटी के ठीक सामने और आसपास के कई संदिग्ध क्लबों पर दबिश दी। मौके पर मौजूद कुछ कर्मचारियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि संचालकों को रेड की भनक पहले ही लग गई थी जिसके चलते आनन-फानन में सब कुछ बंद कर दिया गया। रेणु भाटिया ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सूचना लीक होना गंभीर विषय है।



छापा मारने पहुंची महिला आयोग की अध्यक्ष।

**दो माह में चार सुसाइड : अलसुबह 3 बजे तक विद्यार्थियों ने किया हंगामा**

# एनआईटी में चार मई तक छुट्टियां वार्डन समेत कई अधिकारी बदले

- छात्रों ने सीबीआई जांच की मांग की, छुट्टियां घोषित होने के बाद अपने घरों को चले गए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) में दो माह में चार विद्यार्थियों की आत्महत्या से आक्रोशित विद्यार्थियों ने गुरुवार देररात तक निदेशक कार्यालय के बाहर धरना दिया। धरने पर छात्र सीबीआई जांच करने की मांग करते रहे। छात्रों का धरना अलसुबह तीन बजे तक चला। देर रात्रि एनआईटी प्रशासन ने शुक्रवार से 4 मई तक परीक्षा की तैयारी के रूप में छुट्टी का ऐलान कर दिया। थ्योरी परीक्षाएं पहले से तय शेडयूल के अनुसार होंगी। वहीं, प्रैक्टिकल परीक्षाएं ऑनलाइन होंगी। छुट्टियां घोषित होने के बाद शुक्रवार को छात्र अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए। वहीं, शुक्रवार को कई अधिकारियों को बदल दिया गया।गर्ल हॉस्टल की चीफ वॉर्डन, डिप्टी वॉर्डन और एसोसिएट डीन स्टूडेंट वेलफेयर को बदला गया है। गर्ल हॉस्टल की चीफ वॉर्डन डॉ. वृंदा गोयल की जगह प्रो. ज्योति ओहरी और डिप्टी चीफ वॉर्डन डॉ. रितु गर्ग को बनाया गया है। एसोसिएट डीन प्रो. वीके वाजपेयी और डॉ. पूनम जिंदल को लगाया गया है। वहीं, गुरुवार को सुसाइड करने वाली छात्रा दीक्षा दुबे के शव का शुक्रवार दोपहर बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। संस्थान के निदेशक का कार्यभार संभाल रहे डॉ. ब्रह्मजीत ने कहा कि कमेटी बनाकर जांच करवाई जाएगी। डॉ. ब्रह्मजीत ने आश्वासन दिया कि छात्रों की मांगों पर तुरंत विचार किया जाएगा, इसके बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। उधर, संस्थान के प्रवक्ता डॉ. ज्ञान भूषण का कहना है कि छात्रों के लिए प्रशासन ने हर 15 से 20 छात्रों पर मेनटोर लगाए हैं, जो हर छात्र से दूसरे से तीसरे दिन संवाद कर रहे हैं।



कुरुक्षेत्र। देर रात्रि एनआईटी में धरने पर बैठे विद्यार्थी।

### प्रोफेसर बोले- मरना है तो ब्रह्मसरोवर पर जाएं

छात्र-छात्राओं ने एक प्रोफेसर पर आरोप लगाए कि प्रियांशु की आत्महत्या मामले के बाद जब प्रबंधन ने बातचीत करनी शुरू की तो एक प्रोफेसर ने यहां तक कहा कि अगर मरना है तो ब्रह्मसरोवर पर जाएं। ऐसे प्रोफेसर पर कार्रवाई की जाए। वहीं, कई छात्राओं ने हॉस्टल वार्डन पर भी आरोप लगाए कि दीक्षा मामले में लापरवाही बरती गई। दीक्षा को फंदे से तीन घंटे बाद उतारा गया।

### ये हैं 4 सुसाइड केस

1. 16 फरवरी 2026 को तेलंगाना के छात्र अंगोद शिवा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था।
2. 8 अप्रैल 2026 को सिरसा के छात्र प्रियांशु ने हॉस्टल में अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।
3. 31 मार्च को नूंह निवासी छात्र पवन ने भी छात्रावास में फंदा लगा लिया था।
4. 16 अप्रैल 2026 को गर्ल्स हॉस्टल में बिहार निवासी छात्रा दीक्षा दुबे ने सुसाइड कर लिया। हॉस्टल के कमरे में मेज पर रखी एक किताब में पेज के नीचे लिखा मिला... मम्मी-पापा माफ कर देना, मैं आपकी उम्मीदों पर खरी नही उतर पाई।

## नशा तस्करी के आरोपी की 70 लाख की संपत्ति फ्रीज की

**फतेहाबाद/रतिया।** गांव खुनन में आठ माह पूर्व एक युवक की नशे से हुई मौत के मामले में सदर पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए मृतक युवक को नशा सप्लाई करने वाले हरजिन्द्र सिंह की करीब 38 लाख 60 हजार रुपये की अवैध संपत्ति को फ्रीज कर दिया है।इस संपत्ति की वर्तमान अनुमानित बाजार कीमत 70 लाख 60 हजार रुपये से अधिक आंकी गई है। यह कार्रवाई एएसपी दिव्यांशी सिंगला की निगरानी में की गई। इस कार्रवाई से फतेहाबाद पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब नशा बेचकर अवैध संपत्ति बनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

एएसपी ने बताया कि गांव खुनन निवासी मंगल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके 24 वर्षीय पुत्र दिलशान को आरोपी द्वारा नशीला इंजेक्शन दिया गया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जांच के दौरान आरोपी हरजिन्द्र सिंह को 2 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में आरोपी जमानत पर है, लेकिन उसके खिलाफ कुल 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फ्रीज की गई संपत्तियों में गांव खुनन स्थित 30 लाख का पक्का मकान, 8 लाख की आई-20 कार और 60 हजार रुपये की मोटरसाइकिल शामिल है। अब इन संपत्तियों को बिना सरकारी अनुमति के न तो बेचा जा सकता है और न ही हस्तांतरित किया जा सकता है।

## रूसी सेना की ओर से लड़ते हुए अंशु की मौत, 2 सप्ताह बाद शव पहुंचा गांव

**रेवाड़ी।** रूस में युद्ध के दौरान मारे गए काठूवास के युवक अंशु का शव पैतृक गांव पहुंचने के बाद शुक्रवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अंत्येष्टि में भाग लिया। एमबीए की पढ़ाई करने के लिए अंशु गत वर्ष मई माह में रूस गया था। उसके पिता राकेश कुमार के अनुसार पढ़ाई के दौरान वह रूसी सेना में भर्ती हो गया। उसने अपने पिता को बताया था कि हरियाणा के कई युवा रूसी सेना में भर्ती हुए हैं। लगभग दो सप्ताह पहले अंशु की मौत हो गई थी।



## लव मैरिज के चार महीने बाद कंपनी मैनेजर ने फंदा लगाकर दी जान

**गुरुग्राम।** सेक्टर-76 की पिरामिड सोसाइटी में गुरुवार-शुक्रवार की रात ऋषभ दीक्षित (33) ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पत्नी से बहस के बाद कंपनी मैनेजर ने यह कदम उठाया। शव फ्लैट के अंदर ही पंखे से लटका मिला। सुसाइड से पहले दोनों की रात करीब 12 बजे फोन पर बातचीत हुई थी। इसी दौरान पत्नी ने बहस बढ़ने के बाद कॉल कट कर दी। कुछ देर बाद जब पत्नी सोनम गुप्ता ने दोबारा फोन किया तो मैनेजर ने कॉल रिसीव नहीं की। कई रिंग के बाद भी जब फोन पिक नहीं किया तो पत्नी मुंबई से फ्लाइट लेकर गुरुग्राम पहुंची। फ्लैट अंदर से लॉक मिला। इसके बाद मेंटेनेंस टीम की मदद से दरवाजा तोड़ा तो ऋषभ का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि इनकी चार माह पहले ही लव मैरिज हुई थी। ऋषभ अपनी पत्नी को मुंबई से वापस बुलाना चाहता था।

# मकानों को तोड़ने की धमकी देकर बीडीपीओ ने ली 5 लाख रिश्वत, एसीबी ने किया काबू

- कोर्ट के स्टे के बावजूद चीका में जारी किए गए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कैथल की टीम ने शुक्रवार को चीका के बीडीपीओ जगजीत सिंह को 5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को उसके चीका स्थित कार्यालय से काबू किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बदसुई के संदीप सिंह ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसके मकानों का मामला अदालत में विचाराधीन है और कोर्ट से स्टे भी मिला हुआ है। इसके बावजूद बीडीपीओ जगजीत सिंह ने मकानों पर नोटिस जारी कर दिए और कार्रवाई न करने के बदले में 5 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार, पैसे न देने पर मकानों को पंचायती भूमि पर बताकर जेसीबी से गिराने की धमकी दी जा रही थी।



रिश्वत का आरोपी गिरफ्त में।

शिकायत मिलने के बाद एसीबी इंस्पेक्टर सूबे सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। योजना के तहत संदीप सिंह को रंग लगे नोट देकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही आरोपी ने 5 लाख रुपये लिए, इशारा मिलते ही टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे रिश्वत की रकम सहित पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान जब बीडीपीओ के हाथ धुलवाए गए तो पानी लाल हो गया, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। इसके बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। रेड के दौरान सिंचाई विभाग के एक्सईएन गुरविंद्र दयोल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, जिनकी मौजूदगी में पूरी कार्रवाई की गई।



## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी लाइफ का मुनाफा चार फीसदी बढ़ा


**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस की प्रीमियम आय बढ़ने के कारण मार्च, 2026 में समाप्त तिमाही में एकल शुद्ध मुनाफा चार प्रतिशत बढ़कर 495.65 करोड़ रुपये हो गया। इस जीवन बीमा कंपनी ने वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च अवधि में 476.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### क्रिसिल का लाभ 46 फीसदी बढ़कर 233 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 45.9 प्रतिशत बढ़कर 233.3 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 159.8 करोड़ रुपये था। कंपनी की एकीकृत कुल आय भी वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 29.6 प्रतिशत बढ़कर 1,093.7 करोड़ रुपये हो गई।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 29 पैसे बढ़कर 92.85 पर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 29 पैसे मजबूत होकर 92.85 प्रति डॉलर पर रहा। डॉलर के कमजोर होने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच वैश्विक स्तर पर सकारात्मक धारणा से घरेलू मुद्रा में मजबूती आई। कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह में बढ़ोतरी से भी रुपये पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

# एशिया के नए 'किंग' बने गौतम अदाणी, मुकेश अंबानी को पछाड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी एशिया के सबसे बड़े रईस बन गए हैं। उन्होंने हमवतन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अदाणी की नेटवर्थ अब 92.6 अरब डॉलर पहुंच गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 8.10 अरब डॉलर की तेजी आई है। इसके साथ ही वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ अंबानी की नेटवर्थ 90.8 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 16.9 अरब डॉलर की गिरावट आई है।

■ ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स का दावा

## अदाणी की नेटवर्थ अब 92.6 अरब डॉलर पहुंच गई

### अदाणी की नेटवर्थ में 3.56 अरब डॉलर की तेजी आई

गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में मामूली गिरावट रही। सेंसेक्स 123 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। लेकिन अदाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी रही। इससे अदाणी की नेटवर्थ में 3.56 अरब डॉलर की तेजी आई। वहीं अंबानी की नेटवर्थ 76.7 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। रिलायंस का शेयर कल लगभग सपाट बंद हुआ था। अंबानी एशिया में दूसरे और दुनिया में 20वें नंबर पर हैं।



### किस-किसने गंवाई नेटवर्थ

इस साल दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 7 की नेटवर्थ में गिरावट आई है। फ्रांसीसी बिजनसमैन बर्नार्ड आरनॉल्ट ने सबसे ज्यादा 44 अरब डॉलर गंवाए हैं। इस लिस्ट में आरनॉल्ट के अलावा स्टीव बालमर, ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन, माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स, जाने माने निवेशक वॉरेन बफे, स्पेन के दिग्गज एमेनशियो ओर्टेगा और मुकेश अंबानी शामिल हैं।

### कौन-कौन हैं टॉप 10 में

एलन मस्क 656 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 36.7 अरब डॉलर की तेजी आई है। गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज 286 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। ऐमजॉन के जेफ बेजोस (269 अरब), सर्गेई ब्रिन (266 अरब), मार्क जकरबर्ग ($239 अरब), लैरी एलिसन ($230 अरब), माइकल डेल ($170 अरब), जेंसन हुआंग ($164 अरब), बर्नार्ड आरनॉल्ट ($164 अरब) और जिम वॉल्टन ($150 अरब) भी टॉप 10 में शामिल हैं।

## सेबी की ओर से 15 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई

# सेबी ने बाजार मध्यस्थों के 'उपयुक्त और सक्षम व्यक्ति' नियम में किए संशोधन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने बाजार मध्यस्थों के लिए 'उपयुक्त और सक्षम व्यक्ति' रूपरेखा में संशोधन करते हुए आर्थिक मामलों में आपराधिक शिकायत, प्राथमिकी या आरोप-पत्र दाखिल होने के आधार पर स्वतः अयोग्यता की व्यवस्था समाप्त कर दी है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से 15 अप्रैल को जारी अधिसूचना के मुताबिक, अब लंबित आपराधिक शिकायत या आर्थिक अपराध से जुड़े मामलों में आरोप-पत्र दाखिल होना अपने-आप में अयोग्यता का कारण नहीं माना जाएगा। यह कदम नियामकीय प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता और निष्पक्षता लाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### अयोग्य पाए जाने का दायरा बढ़ा दिया

सेबी ने अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के मामलों में अयोग्य पाए जाने का दायरा बढ़ा दिया है। अब नैतिक रूप से गलत आचरण से जुड़े अपराधों के अलावा आर्थिक अपराधों और प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन में दोषी ठहराया जाना भी अयोग्यता का आधार बनेगी।

अब आपराधिक शिकायत अयोग्यता नहीं मानी जाएगी

कदम अधिक स्पष्टता और निष्पक्षता लाने उठाया गया

स्वतः अयोग्यता की व्यवस्था समाप्त कर दी



*कंपनी बंद होने की प्रक्रिया को अयोग्य नहीं माना जाएगा*

*नए प्रावधानों के तहत किसी कंपनी को सिर्फ 'बंद करने' (वाइंड-अप) की प्रक्रिया शुरू होने भर से उसे अयोग्य नहीं माना जाएगा। लेकिन यदि कंपनी के खिलाफ परिसमापन का आदेश पारित हो जाता है तो अयोग्यता लागू होगी। सेबी ने यह भी अनिवार्य किया है कि मध्यस्थ किसी भी अयोग्यता से संबंधित घटना की जानकारी 15 कार्यदिवसों के भीतर नियामक को दें।*

### मध्यस्थों को 30 कार्यदिवस में बदलना होगा

सेबी ने स्पष्ट किया कि किसी संबद्ध इकाई को 'अनुपयुक्त एवं अक्षम' घोषित किए जाने का असर अन्य इकाइयों पर तब तब नहीं पड़ेगा, जब तक उनका सीधे उसी घटना से संबंध न हो। हालांकि, प्रमुख व्यक्तियों के ऐसे घोषित होने पर संबंधित मध्यस्थों को 30 कार्यदिवस के भीतर उन्हें बदलना होगा या छह माह के भीतर उनकी हिस्सेदारी और मतदान अधिकार समाप्त कराने होंगे। इससे पहले, सेबी ने मार्च में इस ढांचे में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

### 100 करोड़ रुपये शुरुआती निवेश का प्रस्ताव

इसी सप्ताह कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम को आरक्षित रखने की मंजूरी दी थी। एनएसई के निदेशक मंडल ने फरवरी में इस पहल के लिए पूर्ण-स्वामित्व वाली एक अनुषंगी बनाने को मंजूरी दी थी, जिसमें 100 करोड़ रुपये तक के शुरुआती निवेश का प्रस्ताव है। एनएसई की इस अनुषंगी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि शेष 40 प्रतिशत अन्य निवेशकों को दिया जाएगा।


### एनएसई को कोल एक्सचेंज में निवेश की मंजूरी मिली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कहा कि उसे प्रस्तावित 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' में निवेश के लिए प्रतिभूति बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। एनएसई ने एक बयान में कहा कि यह मंजूरी देश में कोयले के भौतिक व्यापार के लिए एक संगठित बाजार मंच स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण नियामकीय कदम है। एक्सचेंज जल्द ही आवश्यक लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कोयला नियंत्रक संगठन से संपर्क करेगा।

### कोयले का आनलाइन हाजिर कारोबार सक्षम बनेगा

प्रस्तावित कोल एक्सचेंज का उद्देश्य मानकीकृत अनुबंधों के जरिये कोयले के ऑनलाइन हाजिर कारोबार को सक्षम बनाना है ताकि उत्पादकों, उपभोक्ताओं और व्यापारियों के लिए पारदर्शी मूल्य निर्धारण और स्पष्ट निपटान व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। यह पहल कंपनी के गठन और आवश्यक मंजूरियों के अधीन कोयला लेन-देन के लिए एक औपचारिक, पारदर्शी और दक्ष बाजार ढांचा विकसित करने में मदद करेगी।

# गूगल ने भारत में 48.37 करोड़ विज्ञापन हटाए, बंद किए 17 लाख खाते



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टेक कंपनी गूगल ने 2025 में भारत में नियमों का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया या ब्लॉक किया है। इसी दौरान कंपनी ने अपने एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी की मदद से 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट्स भी सस्पेंड किए हैं। गुरुवार को जारी गूगल की 2025 एड्स सेफ्टी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल लेवल पर कार्रवाई और भी बड़े पैमाने पर हुई है। पिछले साल दुनिया भर में 830 करोड़ से ज्यादा खराब विज्ञापनों को हटाया गया। इसके साथ ही 2.49 करोड़ एडवरटाइजर अकाउंट्स को भी सस्पेंड किया गया है। गूगल के मुताबिक, हटाए गए 8.3 अरब विज्ञापनों में से 99 फीसदी से अधिक विज्ञापन यूजर्स तक पहुंचने से पहले ही रोक दिए गए।

### जेमिनी एआई ने गूगल की ताकत बढ़ाई

गूगल ने बताया कि जेमिनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के जुड़ने से उसकी क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है। आजकल स्कैमर्स भ्रामक विज्ञापन बनाने के लिए जेनेरेटिव एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। जेमिनी की मदद से ऐसे धोखेबाजों को रियल-टाइम में पहचानना और रोकना आसान हो गया है।

### की-वर्ड्स की जगह अब 'इरादा' समझता है सिस्टम

गूगल के एड्स प्राइवेसी एंड सेफ्टी विभाग के वीपी और जनरल मैनेजर कीरत शर्मा ने बताया कि उनकी टीमें 24 घंटे काम करती हैं। कंपनी के नए मॉडल्स अब केवल कीवर्ड्स पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि वे विज्ञापनों के पीछे के इंटेंट यानी इरादे को भी समझते हैं। ये मॉडल अकाउंट की उम्र और व्यवहार जैसे अरबों संकेतों का एनालिसिस करते हैं।

### 55,200 संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता मिली

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2025-26 के दौरान 55,200 से अधिक संस्थाओं को 'स्टार्टअप' के रूप में मान्यता दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 2016 में स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत के बाद से एक साल में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की यह सबसे अधिक संख्या है। इस पहल की शुरुआत 16 जनवरी, 2016 को एक कार्य योजना के साथ की गई थी, जिसमें नवोन्मेष को पोषण देने, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने और देश भर में स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए योजनाएं और प्रोत्साहन शामिल थे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# चांदी 5,700 रुपये लुढ़की, सोना 1,600 रुपये टूटा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

घरेलू बाजार में कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 5,700 रुपये टूटकर 2.53 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि सोना 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,700 रुपये यानी 2.2 प्रतिशत टूटकर 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,600 रुपये यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रहा। एलकेपी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''युद्धविराम के बाद के घटनाक्रम पर सप्ताहांत आने वाली जरूरी जानकारी से पहले बाजार के सतर्क रहने की वजह से सोना सीमित दायरे में रहा और कीमतों में नरमी रही। त्रिवेदी ने कहा कि कुल मिलाकर, सोना के सीमित दायरे में रहने की संभावना है, जिसमें उतार-चढ़ाव का रुझान रहेगा। और सप्ताहांत के किसी भी घटनाक्रम पर तेजी से प्रतिक्रिया करेगा। विदेशी बाजारों में, हाजिर सोना थोड़ा घटकर 4,786.90 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जबकि चांदी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 79.28 डॉलर प्रति औंस हो गई।


# मिडिल ईस्ट तनाव घटने से सेंसेक्स 505 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विदेशी निवेशकों की ताजा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 505 अंक की मजबूती दर्ज की गई जबकि निफ्टी 157 अंकों की बढ़त पर रहा।

■ बाजार में विदेशी निवेशकों की ताजा खरीदारी दिखी

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान की नई उम्मीद और इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन के युद्धविराम से वैश्विक निवेशकों का जोखिम उठाने का रुझान बेहतर हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 504.86 अंक यानी 0.65 प्रतिशत उछलकर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 564.77 अंक तक चढ़ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 156.80 अंक बढ़कर 24,353.55 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 4.84 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,65,64,461.51 करोड़ रुपये (5.02 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स ने कुल 943.29 अंक यानी 1.21 प्रतिशत की तेजी दर्ज की जबकि एनएसई निफ्टी में कुल 302.95 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की बढ़त रही।



*तेल के उछाल को लेकर चिंता कम हुई : लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा, /"पश्चिम एशिया में तनाव घटने की उम्मीद ने घरेलू बाजार को मजबूती देने का काम किया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में संभावित उछाल को लेकर चिंता कम हुई, जिसका असर मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर पड़ता है।/"*

### नेटफ्लिक्स के चेयरमैन रीड निदेशक मंडल से हटेंगे

**न्यूयॉर्क।** ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के सह-संस्थापक और चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स इस साल जून में अपना कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक मंडल से हट जाएंगे। कंपनी ने बताया कि हेस्टिंग्स अब परोपकार कार्यों और अन्य गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में अपने मित्र और सह-संस्थापक मार्क रैंडोल्फ से यह जिम्मेदारी संभालने के बाद 2023 तक 20 वर्षों से अधिक समय तक कंपनी के सीईओ के रूप में कार्य किया।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Alok Anand**
Additional Civil Judge (Senior Division), Bawal
**Prem Pal Singh S/o Sh. Rampal R/o VIII Tankari, Teh Bawal, Distt Rewari**
**Vs.**
**General Public**
CNR No. HRREB1-000364-2024
CS/280/2024
Next Date : 25.05.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**General Public**
In above ttled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **25.05.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari
**Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Bawal**
Dated, this day of 17.04.2026

**Indian Red Cross Society**
**District Branch, Mahendergarh at Narnaul- 23001**
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला महेंद्रगढ़ में जब्त किए गए वाहनों की पार्किंग का ठेका 3 ब्लॉक अटेली, सिहमा एवं सतनाली हेतु एक वर्ष के लिए जिला रैड कास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल द्वारा खुलीबोली के माध्यम से नगराधीश महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 30.04.2026 को सांय 3.00 बजे मीटिंग हाल, लघु सचिवालय, नारनौल में छोडा जाएगा। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं। नियम व शर्तें जिला रैडकास नारनौल के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।
**सचिव, जिला रैडकास सोसायटी, महेंद्रगढ स्थित नारनौल**

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# प्राइम वीडियो पर 'लुक्खे' का वर्ल्डवाइड प्रीमियर 8 मई को तय

**नई दिल्ली।** भारत में दर्शकों के मनोरंजन के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो ने आज अपनी आगामी प्राइम ओरिजिनल सीरीज़ 'लुक्खे' के दुनिया भर में प्रीमियर की तारीख 8 मई घोषित की। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित और विपुल डी. शाह व राजेश बहल द्वारा ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट और व्हाइट गुरिल्ला LLP के बैनर तले निर्मित, लुक्खे, पंजाब की पृष्ठभूमि में बनी एक रोमांचक, काल्पनिक म्यूज़िकल एक्शन ड्रामा सीरीज़ है। अग्रिम जोशी और देबोजीत दास पुरकायस्थ द्वारा निर्मित और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूस की गई इस आठ एपिसोड की सीरीज़ में राशी खन्ना मुख्य भूमिका में हैं। इसके साथ ही मशहूर भारतीय रैपर, गीतकार और गायक किंग इस सीरीज़ के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत कर रहे हैं। लुक्खे में पलक तिवारी (अपने स्ट्रीमिंग डेब्यू में) और लक्षवीर सिंह सरन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनके अलावा नकुल रोशन सहदेव, कृतिका भारद्वाज, शिवांकित परिहार, योगराज सिंह और आयशा रज़ा मिश्रा अहम किरदार निभाते दिखेंगे। लुक्खे का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से स्ट्रीम किया जाएगा। "प्राइम वीडियो में हम कहानी कहने के तरीकों के साथ लगातार प्रयोग करते हुए स्तर को और ऊंचा उठाने में विश्वास रखते हैं।

## शब्द पहेली - 6199




**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा-2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा-2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 6198 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |



## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में पीरियड लीव लागू करने की तैयारी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव नीति को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही है।राज्य के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा हाईकोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते हैं।



### सीएम सम्राट को धमकी आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** सीएम सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी शेखर यादव गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। शपथ ग्रहण के दिन आरोपी ने फोन कर 24 घंटे के भीतर चौधरी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी शेखर यादव बांका के बेलहर का निवासी है। संग्रामपुर पुलिस लगातार सक्रिय थी।



### शाह के पड़ोसी बने नीतीश, जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार को नया आवास मिल चुका है। वह अब सुनहरी बाग स्थित बंगला नंबर 9 में रहेंगे। यह आलीशान सरकारी आवास है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उनका नया बंगला सारी सुविधाओं से लैस है। इसमें खास बात यह है कि यह बंगला केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास है।



### इंफाल में हजारों लोगों ने मशाल रैली निकाली

**इंफाल/गुवाहाटी।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में हजारों लोगों ने हाल में हुए बम हमले के विरोध में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए मशाल रैली निकाली और इस दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी झड़प हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बम हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। मशाल लिए हजारों लोग बृहस्पतिवार शाम करीब सात बजे सिंगजामेई में रैली में शामिल हुए और उन्होंने बिष्णुपुर जिले के ट्रोंग्लाओबी में सात अप्रैल को हुए विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के खिलाफ नारेबाजी की और मौके पर तैनात कर्मियों से अपशब्द कहे। करीब दो किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद रैली चिंगमथक पहुंची।

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता फडणवीस ने सीएम ममता पर किया हमला

# कर्ज में डूबा राज्य अब 'सोनार बांग्ला' बनने को तैयार

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी के लिए प्रचार करते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया? उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 15 साल पुरानी टीएमसीव सरकार से बदलाव की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल की जनता सिर्फ अपने दिल की आवाज सुनेगी। फडणवीस ने दावा किया कि राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और सोनार बांग्ला के सपने को पूरा करने के लिए नई शुरुआत चाहती है। 2021 में भी यही भावना थी, लेकिन तब डर था। अब बंगाल जान चुका है कि 'डर के आगे जीत है'। बदलाव जरूर होगा और भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने अवैध घुसपैठ पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य से देश-विरोधी ताकतों को बाहर किया जाएगा। ममता सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को लाकर राज्य की जनसांख्यिकी बदल दी, जो देश के लिए खतरनाक है।

### आसनसोल से भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल बोलीं
### पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव की मांग कर रही



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए आसनसोल दक्षिण सीट से दोबारा अपनी किस्मत आजमा रही भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि इस बार माहौल बहुत अच्छा है। पश्चिम बंगाल की जनता बदलाव की मांग कर रही है। 15 वर्षों तक ममता बनर्जी ने उन्हें धोखा दिया। कई वादे किए गए,लेकिन एक भी पूरा नहीं किया गया। बदलाव हो रहा है। बंगाल की जनता ने यह संकल्प ले लिया है। हमें जनता से बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जनता आपसे खुलकर नहीं कहेगी क्योंकि डर का माहौल है, लेकिन वे ईवीएम में मोदी जी को ही वोट देंगे। यह निश्चित है।

# आप सत्ता में नहीं रहेंगे तब घरों पर छापे पड़ेंगे



**कोलकाता।** दमदम की सभा में सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि जब कल आप सत्ता में नहीं रहेंगे, तब आपके घरों पर भी ये छापे पड़ेंगे। आप बंगाल पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले कूच बिहार की सभा में उन्होंने कहा- हमारे पार्टी कार्यालयों, कैंडिडेट के घरों तक पर छापेमारी हो रही है। लेकिन, चाहे कितनी भी साजिश रच लें, भाजपा को हार का सामना करना ही होगा। सीएम ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों की मदद से असम से बाहरी लोगों को बंगाल में लाकर मतदाता सूची में हेराफेरी कर हमारी जनसांख्यिकी को बदलने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने असम में राष्ट्रीय नियंत्रण अधिनियम (एनआरसी) लागू किया। अब वे राजबंशी समुदाय को नोटिस भेजकर उसी एनआरसी का दुरुपयोग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने ये आरोप शुक्रवार को कूच बिहार की सभी में लगाए। उनकी योजना स्पष्ट है: भय और अलगाव का माहौल बनाना, मतदाता सूचियों में हेराफेरी करना और हेरफेर किए गए मतपत्रों के माध्यम से चुनाव जीतना।

### दीदी का दुर्गापुर में रोडशो

**दुर्गापुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले यहां दुर्गापुर में पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में रोडशो किया। इस दौरान लोगों ने सड़क के दोनों तरफ और बालकनी व छतों पर खड़े होकर टीएमसी प्रमुख का अभिवादन किया और मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। बनर्जी ने स्टील मार्केट से चलना शुरू किया और लगभग दो किलोमीटर दूर भिरिंगी मोड़ तक पहुंचीं।

### कार्यकर्ताओं को फर्जी 'प्रेस कार्ड' जारी कर रही तृणमूल: शुभेंदु

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की निवर्तमान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को "फर्जी प्रेस पहचान पत्र" जारी कर रही है ताकि वे मतदान केंद्रों तक पहुंच बना सकें और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकें। इससे एक दिन पहले, तृणमूल ने भाजपा पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। तृणमूल ने कहा था कि भाजपा ने 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' नाम की एक योजना शुरू कर महिलाओं को वित्तीय सहायता देने का वादा किया है और मतदान से कुछ दिन पहले विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में इसके प्रपत्र बांटे हैं। तृणमूल ने इस कदम को 'भाजपा की चुनावी रिश्वतखोरी' करार दिया और उसके नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।



### अन्नाद्रमुक आई तो तमिलनाडु को नशामुक्त बनाएंगे : पलानीस्वामी

**सलेम (तमिलनाडु) (भाषा)।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर तमिलनाडु को नशामुक्त बनाया जाएगा। संगागिरि में चुनाव प्रचार के दौरान पलानीस्वामी ने कहा, "छात्र नशे के आदी हो चुके हैं और अब इस बुराई को खत्म करने का समय आ गया है। अन्नाद्रमुक के सत्ता में आते ही गांजे की बिक्री पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। हम तमिलनाडु को नशामुक्त राज्य में बदल देंगे।" उन्होंने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो गई है और महिलाओं और आम जनता के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। पलानीस्वामी ने कहा, "हालात इतने भयावह हो गए हैं कि दो साल के बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं और वे यौन हिंसा और हत्या का शिकार हो रहे हैं।



### द्रमुक का राहुल-स्टालिन के संयुक्त रूप से प्रचार करने से इनकार किया

**चेन्नई (भाषा)।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने कहा कि राहुल गांधी और मुख्यमंत्री स्टालिन 23 अप्रैल को होने वाले तमिलनाडु चुनाव के लिए संयुक्त रूप से प्रचार नहीं करेंगे, क्योंकि दोनों नेताओं के अलग-अलग कार्यक्रम हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को चुनाव प्रचार की शुरुआत करने चेन्नई आएंगे। द्रमुक नीत धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) के तहत कांग्रेस 28 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। द्रमुक के संगठन सचिव भारती ने कहा, "राहुल गांधी एक क्षेत्र में प्रचार करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री दूसरे क्षेत्र में प्रचार करेंगे। न तो स्टालिन और न ही राहुल के पास साथ में प्रचार करने का समय है, क्योंकि दोनों के पहले से तय यात्रा कार्यक्रम हैं।

- कांग्रेस ने बंगाल में दूसरे चरण (29 अप्रैल) के चुनाव के लिए प्रचारकों की लिस्ट जारी की
- तमिलनाडु के चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों और अफसरों ने डाक मतपत्र डाले
- पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयकर विभाग ने टीएमसी विधायक देबाशीष कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की
- चुनाव आयोग ने तमिलनाडु की सभी विधानसभा सीटों और बंगाल के पहले चरण के लिए ईवीएम और वीवीपैट की कमीशनिंग प्रक्रिया शुरू की

## पीएमएलए मामले में तलाशी तेज

# कोलकाता के रियल एस्टेट समूह पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता स्थित रियल एस्टेट कंपनी मर्लिन समूह और उससे जुड़ी कुछ इकाइयों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को फिर से छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इससे पहले भी आठ अप्रैल को समूह (मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) और उसके प्रवर्तकों -सुशील मोहता एवं साकेत मोहता- से जुड़े परिसरों में छापेमारी की थी।

अधिकारियों ने बताया कि मामले में शामिल कुछ इकाइयों के कोलकाता और उत्तर 24 परगना जिले में स्थित करीब चार-पांच परिसरों पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुक्रवार को छापे मारे जा रहे हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय की गई है जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। समूह के प्रवक्ता ने इस बात का खंडन किया कि ईडी ने शुक्रवार को कंपनी से जुड़े किसी भी परिसर पर छापा नहीं मारा।

आरोपियों ने जाली दस्तावेजों का प्रयोग कर खुद को वैध मालिक बताया

जांच एजेंसी कंपनी व बंगाल सरकार के कुछ नेताओं व अफसरों के बीच कथित वित्तीय संबंधों की पड़ताल कर रही

### ईडी ने फिर से खरात केस में छापेमारी की

**नासिक (भाषा)।** ईडी ने महाराष्ट्र के नासिक जिले में विवादित स्वयंभू बाबा अशोक खरात और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को एक स्थान पर फिर से छापेमारी की। शरणपुर कस्बे में खरात के एक ठिकाने पर छापा मारा गया। वहां कुछ दस्तावेजों और कंप्यूटर उपकरणों की जांच की जा रही है। इस मामले में पहली बार 13 अप्रैल को खरात, उसके सीए प्रकाश पोफले, खरात के रिश्तेदारों और कुछ सहकारी ऋण समितियों की शाखाओं से जुड़े आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों पर तलाशी ली गई थी।



## रिनिकी पासपोर्ट विवाद

# खेड़ा को 'फर्जी आधार' कार्ड पर फटकार, जमानत को असम जाएं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखी जबकि तुषार मेहता ने खेड़ा की याचिका का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांजिट बेल की अवधि मंगलवार तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि खेड़ा गुवाहाटी हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करें। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि गुवाहटी हाई कोर्ट, इस मामले की सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित न हो। फर्जी आधार कार्ड पेश करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई।

## टीसीएस नासिक केस धर्मांतरण मामला

# फरार आरोपी निदा ने खुद को प्रेग्नेंट बताया, कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी

मानवाधिकार आयोग ने रिपोर्ट मांगी

पुलिस ने 7 आरोपियों को अरेस्ट किया

एजेंसी ▸▸ नासिक

नासिक के टीसीएस ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के डीजीपी समेत कई विभागों से रिपोर्ट मांगी है। इस बीच फरार आरोपी निदा खान ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। उन्होंने बताया कि वह गर्भवती है। वहीं, निदा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ साजिश हुई है। एसआईटी ने शुक्रवार को मुंबई के मुंब्रा में निदा के पति से 4 घंटे पूछताछ की। इस मामले में अब तक 8 लोगों के खिलाफ 9 एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर किया है।

### दावा- एफआईआर में धर्मांतरण का आरोप नहीं



निदा के वकील बाबा सैयद ने कहा कि एफआईआर में जबरन धर्मांतरण का कोई जिक्र नहीं है। निदा को एक मामले में नामजद किया गया है। वहीं निदा के पिता ने कहा है कि निदा ने शिकायत करने वाली महिला से कभी बात तक नहीं की और न ही किसी को धर्म परिवर्तन के लिए कहा। उनका परिवार सभी धर्मों का सम्मान करता है। परिवार ने बताया कि निदा इस समय गर्भवती है और भिवंडी स्थित अपने ससुराल में रह रही हैं।

### एसआईटी 9 मामलों की जांच कर रही

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में 9 शिकायतों की जांच हो रही है। इनमें 8 महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि उनके सीनियर ने उनके साथ मानसिक और यौन उत्पीड़न किया। ये घटनाएं फरवरी 2022 से मार्च 2026 के बीच की बताई गई हैं। पुलिस ने इस मामले में 7 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 6 पुरुष और एक महिला एचआर शामिल हैं।

### उप्र : संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई गई, बुलडोजर बाकी हिस्सों को तोड़ा

**संभल (एजेंसी)।** संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। बुलडोजर से मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ा गया। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाई थीं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। 5 अप्रैल को कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था।

### अमरावती यौन शोषण मामला: एनसीडब्ल्यू ने डीजीपी से 5 दिन में मांगी जांच की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के अमरावती में युवक द्वारा नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण और उनके साथ दुर्व्यवहार के आरोप से संबंधित खबर का स्वतः संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस मामले की समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया। आयोग ने कार्रवाई पर 5 दिन के अंदर एक रिपोर्ट भी मांगी है।आरोपियों ने कथित तौर पर नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनपर यौन हमला किया, उन कृत्यों को रिकॉर्ड किया और पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महाराष्ट्र के डीजीपी सदानंद वसंत दाते को निर्देश दिया कि वेसुनिश्चित करें कि इस मामले की समयबद्ध और गहन जांच हो। सभी पीड़ितों की पहचान और उन्हें सुरक्षा मिले एवं डिजिटल मंचों पर से सामग्री हटा दी जाए।

## सरकार ने तनाव के बीच ईंधन आपूर्ति को लेकर कहा

# पेट्रोल-डीजल, एलपीजी सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचें

## पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार ने ईंधन आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई सुचारु रूप से जारी है और किसी भी वितरक के पास गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है, रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है।



### पीएनजी नेटवर्क के विस्तार पर जोर

सरकार पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दे रही है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके। इसके लिए राज्यों से लंबित आवेदनों को शीघ्र मंजूरी देने की अपील की गई है। शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी करें। उन्होंने जानकारी दी कि फरवरी में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा प्रतिदिन करीब 177 टन ऑटो एलपीजी की बिक्री हुई थी, जो अप्रैल में बढ़कर लगभग 296 टन प्रतिदिन पहुंच गई है। खासतौर पर कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में ऑटो एलपीजी की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA

गृह मंत्रालय भारत सरकार
सत्यमेव जयते

हमारी जनगणना हमारा विकास

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-2)

स्व-गणना क्या है?
स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल (se.census.gov.in) पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं



स्व-गणना के क्या लाभ हैं?
- अपनी सुविधा से जानकारी भर सकते हैं
- गोपनीयता सुनिश्चित
- जनगणना प्रक्रिया को तेज़ और कुशल बनाती है

स्व-गणना पोर्टल में लॉग-इन कैसे करें?
- राज्य / संघ राज्य क्षेत्र चुनें
- मुखिया का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल (वैकल्पिक) भरें
- OTP द्वारा सत्यापन करें
- स्व-गणना शुरू करें

अपने घर का सही स्थान कैसे चिन्हित करें?
- जिला / पिनकोड चुनें
- क्षेत्र / लैंडमार्क दर्ज करें
- मैप पर ज़ूम करें और घर के पास लोकेशन मार्क करें (सटीक पता न दिखने पर घबराएं नहीं)
- सही लोकेशन चिन्हित करना आवश्यक है

क्या मैं अपनी जानकारी बाद में संशोधित कर सकता / सकती हूँ?
- सबमिट करने से पहले एडिट कर सकते हैं
- सबमिशन के बाद, प्रगणक के आने पर ही बदलाव संभव होगा

क्या स्व-गणना (SE) पोर्टल को भारत के बाहर से एक्सेस किया जा सकता है?
नहीं, यह सुविधा केवल भारत की भौगोलिक सीमा के भीतर उपलब्ध है

यदि सबमिशन के बाद गलती पता चले तो क्या करें?
प्रगणक के आने पर SE ID के साथ सुधार करवाया जा सकता है

क्या मैं फॉर्म सेव करके बाद में पूरा कर सकता / सकती हूँ?
हां, आप प्रोग्रेस सेव कर सकते हैं और निर्धारित समय के भीतर फॉर्म पूरा कर सकते हैं

टोल फ्री - 1855

CBC 19108/13/0033/2627

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027

## चिंतन

# तोड़-मोड़कर नहीं, तोल-मोल कर बोलें नेता विपक्ष राहुल

लोकतंत्र की ताकत केवल सत्ता पक्ष से नहीं, बल्कि एक मजबूत और जिम्मेदार विपक्ष से भी तय होती है। ऐसे में संसद में नेता विपक्ष होने के चलते राहुल गांधी से उम्मीद की जाती है कि वे सरकार की कमियों का बारीकी से विश्लेषण कर सार्थक चर्चा और बहस को जन्म दें। यह लगातार हो रहा है कि राहुल संसद में ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानों वह प्रधानमंत्री से दुश्मनी निकाल रहे हों। उनके अधिकांश आरोप तथ्यहीन होते हैं। उनमें दम नजर नहीं आता। कई बार तो उनके अरोप सामाजिक वैमनस्य बढ़ाने वाले होते हैं। उनके भाषण इस तरह के हो जाते हैं कि कई बार तो वह राष्ट्रविरोधी लगने लगते हैं। ऐसे भाषणों से यह संदेश जाता है कि देश का नुकसान देखकर राहुल प्रसन्न हो रहे हैं। अनेक बार पाकिस्तान राहुल के बयान को भारत के विरोध के लिए कोट तक करता रहा है। राहुल को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पिता राजीव गांधी और दादी इंदिरा गांधी ने देश के लिए बलिदान दिया था। किसी भी देशवासी के लिए देश का सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। अगर कभी देश को झटका भी लगता है तो वह किसी के लिए गर्व का विषय नहीं हो सकता। संसद में नेता विपक्ष की भूमिका सरकार की आलोचना करना भर नहीं होती, बल्कि तथ्यों, तर्कों और संतुलन के साथ ऐसी बहस को जन्म देना होती है, जो नीतियों को बेहतर बनाए। ऐसे में राहुल गांधी से अपेक्षा स्वाभाविक रूप से अधिक है। हाल के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि यह अपेक्षा बार-बार अधूरी रह जा रही है। सिर्फ प्रचार पाने के लिए अथवा पीएम को निशाना बनाने के लिए अपुष्ट बातें कहना नेता विपक्ष की गरिमा को कम करता है। राहुल से उम्मीद की जाती है कि वह नेता विपक्ष होने के नाते और अच्छी तैयारी करके आएं और संसद में एक सार्थक बहस करें। लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान राहुल का बयान कि यह "महिलाओं को कमजोर बनाएगा" और "शर्मनाक कानून" है, सिर्फ एक राजनीतिक टिप्पणी नहीं, बल्कि एक गंभीर नीति पर दिया गया आकलन है। संसद कोई चुनावी मंच नहीं है, जहां जुमलों से काम चल जाए; यह वह जगह है जहां हर शब्द का वजन होता है। यहीं सबसे बड़ी चिंता उभरती है। जब नेता विपक्ष अपने भाषण में बालाकोट, नोटबंदी जैसे पुराने मुद्दों को जोड़ते हैं, या कटाक्षपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हैं, तो बहस का स्तर स्वतः नीचे चला जाता है। सत्ता पक्ष का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन वह विरोध तथ्यों पर आधारित और नीति-केंद्रित होना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विपक्ष में रहते हुए भी नेताओं ने अपनी प्रभावशाली भूमिका निभाई है। अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद यादव जैसे नेताओं ने अपने तर्कों, भाषा की मर्यादा और विषय की गहराई से संसद को समृद्ध किया। उनकी आलोचना तीखी होती थी, लेकिन उसमें तथ्य और संतुलन भी होता था। यही कारण है कि आज भी उनके भाषणों का उदाहरण दिया जाता है। महिला आरक्षण जैसा महत्वपूर्ण विषय केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं बनना चाहिए। यह आधी आबादी के प्रतिनिधित्व का सवाल है, जिसे गंभीरता, संवेदनशीलता और दूरदृष्टि के साथ उठाया जाना चाहिए। यदि इस पर भी बहस का स्तर गिरता है तो यह न केवल संसद के लिए, बल्कि समाज के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण संकेत है। तोड़-मोड़कर बोलना आसान है, लेकिन तौलकर बोलना ही नेतृत्व की असली पहचान है। यदि राहुल गांधी इस कसौटी पर खरे उतरते हैं, तो न केवल उनकी व्यक्तिगत विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र भी मजबूत होगा।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

# एमएसएमई के विस्तार में चुनौतियां

बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

बी2के एनालिटिक्स, जो मुख्य रूप से व्यावसायिक डेटा-आधारित समाधान, जोखिम प्रबंधन, परामर्श और अनुसंधान सेवाएँ प्रदान करती है, ने हाल ही में एक अध्ययन में बताया है कि सूक्ष्म, लघु, और मझोले उद्यम (एमएसएमई), जो अभी जीडीपी का 31.1% योगदान कर रहे हैं और विकास का इंजन माने जाते हैं, को 2030 तक व्यापक विस्तार के लिए काफी ऋण लेना पड़ सकता है। इस क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएँ हैं, लेकिन वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण इसका अपेक्षित विकास बाधित हो रहा है। यह समस्या उन एमएसएमईके लिए नहीं है जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, क्योंकि इन्हें बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान आसानी से ऋण प्रदान करते हैं। लेकिन जो एमएसएमईअसंगठित क्षेत्र से हैं, उन्हें बैंक, एनबीएफसी, या फिनटेक जैसी औपचारिक वित्तीय संस्थान ऋण देने से कतराते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये संस्थान इनसे कारोबार संबंधी लेनदेन नहीं करते हैं और ये अमूमन टैक्स देने से भी बचते हैं, जिसके कारण इनके पास वित्तीय लेनदेन का रिकॉर्ड नहीं होता और न ही इनके पास जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के रिकॉर्ड होते हैं। बी2के एनालिटिक्स की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता आवश्यक होगी। अनुमान है कि बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान, जो औपचारिक स्रोत हैं, वे 78.02 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराएंगे, यह उन एमएसएमई इकाइयों के लिए होंगे, जो संगठित क्षेत्र का हिस्सा हैं, बैंकिंग लेनदेन कर रही हैं, और समय-समय पर जीएसटी रिटर्न दाखिल करती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संदर्भ में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक प्राथमिकता क्षेत्र (पीएसएल) को 56.98 लाख करोड़ रुपये का ऋण और अन्य क्षेत्रों को 18.57 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करेंगे। इसके अलावा, एनबीएफसी 2.46 लाख करोड़ रुपये का ऋण एमएसएमई को देगा।

इस लक्ष्य के लिए कुल 162.92 लाख करोड़ रुपये की राशि में से, शेष 84.3 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण करना आसान नहीं होगा क्योंकि 95% एमएसएमई इकाई असंगठित क्षेत्र से हैं। 'उद्यम पोर्टल' के अनुसार, 28 फरवरी 2026 तक 7.83 करोड़ एमएसएमई इकाइयां पंजीकृत हो चुकी हैं, लेकिन करीब 90% अभी भी इस पोर्टल पर रजिस्टर नहीं हैं। हालांकि, इन इकाइयों का पंजीकरण तेज़ी से हो रहा है, फिर भी बहुत सी इकाइयां अभी भी पंजीकृत नहीं हैं। इनमें से लगभग 50% ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान असंगठित एमएसएमई को ऋण नहीं देते यदि उनके पास वित्तीय लेनदेन या आईटीआर नहीं हैं। इससे उन्हें महाजन या साहूकार से ऋण लेना या अपनी खुद की पूंजी जुटाना पड़ सकता है। एक अनुमान के अनुसार, भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एमएसएमई क्षेत्र की असंगठित इकाइयों के कारोबार को बढ़ावा देने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि एमएसएमई क्षेत्र को पर्याप्त फंडिंग मिलती है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि 2030 में भारत की कुल जीडीपी 537.96 लाख करोड़ रुपये होगी,



जिसमें एमएसएमई का योगदान 215.18 लाख करोड़ रुपये या 40% होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 95% एमएसएमई अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं और उनका कोई वित्तीय रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए बैंक उन्हें ऋण देने से हिचकिचाते हैं। इसे हल करने का एक उपाय है यूपीआई लेनदेन, क्योंकि वर्तमान में बहुत से लोग, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में, नकद के बजाय यूपीआई से भुगतान कर रहे हैं। इससे उनकी आय का आंशिक अंदाजा लगाया जा सकता है। साथ ही, यदि ये संस्थान नियमित रूप से जीएसटी रिटर्न दाखिल करते हैं, तो उनसे उनके कारोबार का टर्नओवर और लाभ का अनुमान लगाया जा सकता है, जिससे ऋण स्वीकृति की संभावना बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, मध्यम आकार के एमएसएमई का स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होना भी बाजार से पूंजी जुटाने का एक उपाय है। यदि ऐसा किया जाए, तो इन इकाइयों को केवल ऋण पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। एमएसएमई इकाइयां आमतौर पर जटिल कागजी कार्रवाई, बैंकों से गारंटी की मांग, उच्च ब्याज दरें, और ऋण स्वीकृति में कठिनाई के कारण से बैंकों से लेन-देन करने से बचती हैं। छोटी एमएसएमई की कमजोर क्रेडिट स्कोर (सिबिल), पूरी वित्तीय रिकॉर्ड, जैसे कि बैलेंस शीट, कैश फ्लो स्टेटमेंट, आईटीआर, और अकाउंट स्टेटमेंट के अभाव के कारण बैंक से जुड़ना मुश्किल हो जाता है। अक्सर बैंक संपार्श्विक गारंटी की मांग करते हैं, जो छोटे और नए उद्यमियों के पास नहीं होती। कम सिबिल स्कोर, खराब क्रेडिट इतिहास या कम व्यवसाय अनुभव भी ऋण आवेदन को खारिज कर देता है। बहुत से एमएसएमई अभी भी अनौपचारिक रूप से काम कर रहे हैं, जिससे वे बैंक की शर्तों को पूरा नहीं कर पाते। कई उद्यमी बैंक ऋण प्रक्रिया को लंबा और जटिल मानते हैंऔरवे निजी साहूकारों या निजी स्त्रोतों से ऋण लेना पसंद करते हैं, जो उन्हें जल्दी परंतु महंगे दर पर ऋण देते हैं। इसके अलावा, सरकार की कर प्रणाली भी जटिल और कठिन है, और कर दरें उच्च होने के कारण, एमएसएमई कारोबारी औपचारिक वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने से हिचकिचाते हैं। एमएसएमई क्षेत्र आज स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा देकर 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को साकार करने में मदद कर रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है। ये इकाइयां बड़ी संख्या में ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में फैली हैं, जो क्षेत्रीय असमानताओं को कम कर रही हैं और स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहित कर रही हैं। अब अधिकांश एमएसएमई के प्रमोटर अपने रोजमर्रा के जीवन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग 50% से अधिक कर रहे हैं, जिससे उनकी दक्षता और उत्पादन में सुधार हो रहा है। उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है, जो महिला उद्यमशीलता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती है। पिछले कुछ दशकों से, एमएसएमई क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार रहा है, जो देश के विनिर्माण में 35.4% और निर्यात में 48.58% हिस्सा रखते हैं, तथा इस क्षेत्र ने 32.82 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। इस तरह, यह क्षेत्र अपेक्षाकृत कम पूंजी में बड़े पैमाने पर रोजगार उत्पन्न कर रहा है।

साथ ही, यह ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित करने और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह बड़े उद्योगों के विकास में भाग लेकर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी का निर्माण कर रहा है और अपनी विविधता और लचीलापन के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है, साथ ही "मेक इन इंडिया" के लक्ष्य को पूरा कर आयात पर निर्भरता घटा रहा है और निर्यात केंद्रित विकास को तेज कर रहा है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



# विश्व विरासतों का खज़ाना है भारत

विश्व विरासत दिवस प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष 2026 में यह दिवस संघर्ष और आपदाओं में विरासत संरक्षण थीम के साथ मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को ने विरासत को अनमोल मानते हुए और लोगों से इन्हें सुरक्षित और सम्भाल कर रखने के उद्देश्य से ही इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। विश्व विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य यह है कि पूरे विश्व में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। भारत की विरासत ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बिखरी पड़ी है जिन्हें संरक्षित सहेजना चुनौतीपूर्ण है। देश के ग्रामीण अंचलों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों की भरमार है। विरासतों की सार संभाल के साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन से जोड़ दिया जाए तो ना केवल क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा। वहीं, इन विरासतों को नए मायने मिलने से बड़ा पर्यटन सर्किट विकसित हो सकता है। इससे क्षेत्र की कायापलट हो सकती है। इससे एक तरफ जहां हमारी अमूल्य विरासत संरक्षित होगी, वहीं दो हाथों को रोजगार मिलेगा। प्रत्येक विरासत स्थल उस देश विशेष की संपत्ति होती है, जिस देश में वह स्थल स्थित हो। आने वाली पीढ़ियों के लिए और मानवता के हित के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हित भी इसी में होता है कि वे इनका संरक्षण करें। इसके संरक्षण की जिम्मेदारी पूरे विश्व समुदाय की होती है। विरासत के स्थल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता और उसकी प्राचीन संस्कृति के महत्वपूर्ण परिचायक माने जाते हैं। बीता हुआ कल काफी महत्वपूर्ण होता है। बीता हुआ समय वापस नहीं आता, किंतु अतीत के पन्नों को हमारी विरासत के तौर पर कहीं पुस्तकों तो कहीं इमारतों के रूप में संजोकर रखा गया है। हमारे पूर्वजों ने निशानी के तौर पर तमाम तरह के मंदिर, मकबरे, मस्जिदें, किले, बावड़ी और अन्य चीजों का सहारा लिया, जिनसे हम उन्हें आने वाले समय में याद रख सकें। वक्त की मार के आगे कई बार उनकी यादों को बहुत नुकसान पहुंचा। किताबों, इमारतों और अन्य किसी रूप में सहेज कर रखी गई यादों को पहले स्वयं हमने भी नजर अंदाज किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमारी अनमोल विरासत हमसे दूर होती गईं और उनका अस्तित्व भी संकट में पड़ गया। वर्तमान में दुनियाभर में कुल 1248 विश्व धरोहर स्थल हैं। इनमें से 972 सांस्कृतिक, 235 प्राकृतिक और 41 मिश्रित स्थल हैं। चीन, इटली, स्पेन, जर्मनी और भारत दुनिया भर के कुछ शीर्ष देश हैं, जिनकी विश्व स्तर की विरासत की अच्छी गिनती है। भारत में कुल 3691 ऐसे स्मारक और स्थल हैं, जिसमें से यूनेस्को ने भारत में कुल 44 विश्व धरोहरों की घोषणा की है। इनमें 7 प्राकृतिक, 36 सांस्कृतिक और एक मिश्रित हैं। यूनेस्को की अस्थायी सूची में भारत के 70 धरोहर स्थल शामिल हैं। भारत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का जिक्र करें तो ऐसे बहुत से स्थानों का नाम महत्वपूर्ण है। ताजमहल और मुगलकालीन शिल्प की दास्तां बयान करने वाले दिल्ली के लालकिले ने इस सूची को भारत की ओर से और भी खूबसूरत बना दिया है। ताजमहल को एक विश्वव्यापी मतसंग्रह के दौरान दुनिया के सात अजूबों में अव्वल नंबर कर रखा गया था। विश्व धरोहर सूची में शामिल भारत की अजंता की गुफाएं 200 साल पूर्व की कहानी कहती नजर आती हैं, लेकिन इतिहास के पन्नों में धीरे-धीरे ये भुला दी गईं और बाद में बाघों का शिकार करने वाली एक ब्रिटिश टीम ने इनकी फिर खोज की। विश्व धरोहर सूची में शामिल एलोरा की गुफाएं दुनिया भर को भारत की हिन्दू, बौद्ध और जैन संस्कृति की कहानी बताती हैं। ये गुफाएं लोगों को 600 और 1000 ईस्वीं के बीच के इतिहास से रूबरू कराती हैं। भारत को विश्व धरोहर सूची में 14 नवंबर 1977 में स्थान मिला। तब से अब तक 44 भारतीय स्थलों को विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया जा चुका है। भारत में सर्वप्रथम एलोरा की गुफाएं (महाराष्ट्र) को विश्व विरासत स्थल घोषित किया था।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़ियै। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन





### आज की पाती

**हीमोफीलिया की अदृश्य कड़ियों को तोड़ने का समय**

'निदान : देखभाल का पहला कदम', यह केवल एक विषय नहीं बल्कि मानवता के उस मौन संघर्ष की गूंज है, जिसे हम अक्सर देख नहीं पाते, समझ नहीं पाते और इसलिए समय रहते पहचान भी नहीं पाते। 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस हमें इसी अदृश्य पीड़ा के प्रति संवेदनशील बनने का अवसर देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीवन का आधार 'रक्त' केवल शरीर में बहने वाला द्रव नहीं बल्कि अस्तित्व का मूल है और जब यही रक्त नियंत्रित न हो पाए तो साधारण सी चोट भी जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन जाती है। – **भुवि भारद्वाज**, हिसार

## करंट अफेयर


# चीन में कैथोलिक समुदाय पर गिरजाघर से जुड़ने का दबाव



चीन में कैथोलिक समुदायों पर दबाव बढ़ाया जा रहा है कि वे सरकार द्वारा नियंत्रित आधिकारिक गिरजाघर से जुड़ें और साथ ही करीब 1.2 करोड़ कैथोलिक पर निगरानी और यात्रा प्रतिबंध भी कड़े किए जा रहे हैं। एक मानवाधिकार समूह ने यह जानकारी दी। 'ह्यूमन राइट्स वॉच' की विस्तृत रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ता हुआ यह दबाव एक दशक पुराने अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी धार्मिक संप्रदाय और स्वतंत्र गिरजाघर आधिकारिक रूप से नास्तिक कम्युनिस्ट पार्टी के प्रति वफादार रहें। चीन में कैथोलिक समुदाय दो हिस्सों में बंटा रहा है– एक सरकारी गिरजाघर, जो पोप को नहीं मानता और दूसरा ऐसे चर्च, जो चोरी छिपे संचालित किए जाते हैं और वेटिकन के प्रति निष्ठावान हैं। पोप फ्रांसिस ने 2018 में वेटिकन–चीन समझौते के तहत बिशप की नियुक्ति में चीन को भूमिका दी थी, लेकिन इसके बावजूद दमन जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, चोरी छिपे संचालित गिरजाघरों के सदस्यों पर गिरफ्तारी, नजरबंदी और उत्पीड़न जैसी कार्रवाइयां की जा रही हैं। साथ ही धार्मिक गतिविधियों, विदेशी संपर्कों और पादरियों की विदेश यात्रा पर भी कड़े नियंत्रण लगाए गए हैं।

## ऑफ बीट

# जलती रिफाइनरी के धुएं का फेफड़ों और दिल पर असर



रिफाइनरी के आग के धुएं से आमतौर पर पीएम2.5 और पीएम10 जैसे सूक्ष्म कण निकलते हैं, जो फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और बेंजीन जैसे विषैले गैस तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिक भी उत्सर्जित होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आग से दूर रहने वाले लोगों के लिए ये सूक्ष्म कण अधिक चिंता का विषय होते हैं, क्योंकि ये लंबी दूरी तय कर सकते हैं और हवा में लंबे समय तक बने रहते हैं। स्वस्थ वयस्कों में इन प्रदूषकों के अल्पकालिक संपर्क से सामान्यतः स्थायी नुकसान की संभावना कम होती है, लेकिन आंखों में जलन, पानी आना, गले में खराश, खांसी, सिरदर्द और सीने में जकड़न जैसे लक्षण हो सकते हैं। वायु गुणवत्ता में सुधार और प्रदूषकों से संपर्क कम होने पर ये लक्षण प्रायः खत्म हो जाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो यह स्थिति उन लोगों से अलग है जो लंबे समय तक रिफाइनरी में काम करते हैं या आपातकालीन सेवाओं से जुड़े होते हैं, जहां कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों का जोखिम अधिक होता है। खराब वायु गुणवत्ता का असर अस्थमा या 'क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज' (सीओपीडी) से पीड़ित लोगों पर अधिक पड़ता है। ऐसे लोगों में सांस फूलने की समस्या और खांसी बढ़ सकती है, जिससे उन्हें सामान्य से अधिक दवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस गिरगिट जैसी




अनु. जाति, अनु. जनजाति और ओबीसी के अधिकारों के मामले में, गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली कांग्रेस वही पार्टी है, जिसने केंद्र में सरकार के दौरान किसी भी क्षेत्र में उनके आरक्षण कोटा को पूरा करने के लिए कभी कोई पहल नहीं की।
- **मायावती**, पूर्व सीएम, उप्र

### ईडी की छापेमारी



तीन दिनों के भीतर आम आदमी पार्टी के नेता के आवास पर ईडी की यह दूसरी छापेमारी है। क्या प्रधानमंत्री हमें बताएंगे कि आप नेताओं के आवासों पर अब तक की गई अनगिनत छापेमारी में कितना काला धन बरामद हुआ है? एक रुपया भी नहीं?
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### महिला आरक्षण विधेयक



दशकों से, सड़कों से लेकर संसद तक, हमारी मांग रही है कि महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जाए, लेकिन महिला आरक्षण के भीतर, एससी/एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्गों की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण होना चाहिए।
- **लालू प्रसाद यादव**, पूर्व सीएम, बिहार

### संसद का कर्तव्य



स्त्री कोई फूल नहीं, वह परिवर्तन लाने वाली चिंगारी है। महिला सशक्तिकरण कोई विकल्प नही, यह हमारा दायित्व है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पारित करना महज एक निर्णय नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला के प्रति इस संसद का कर्तव्य है।
- **बांसुरी स्वराज**, सांसद, भाजपा

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
228 रन
बेंगलुर

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
11 विकेट
गुजरात

# डोसा-इडली गाने को लेकर फूटा सीएसके का गुस्सा

**बेंगलुरु स्टेडियम में पारी की शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाये जाने का मामला**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के चल रहे सीजन के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने बीसीसीआई से औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। खास तौर पर, यह घटना बेंगलुरु स्टेडियम में हुई, जहाँ उनकी पारी शुरू होने से ठीक पहले "डोसा, इडली, सांभर, चटनी" गाना बजाया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, फ्रेंचाइजी ने इस हरकत को मज़ाकिया और अपमानजनक माना।



### शब्दों पर पाबंदियां

भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, जो रोजमर्रा की बातचीत में इस्तेमाल होने वाले कुछ खास शब्दों पर पूरी तरह से बैन लगाता हो। लोग आम तौर पर अपनी मर्जी से बोलने के लिए आज़ाद हैं, बशर्ते वे सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े व्यापक कानूनों का उल्लंघन न करें।

### सोशल मीडिया नियम

जहां रोजमर्रा की बातचीत काफी हद तक आज़ाद है, वहीं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आईटी एक्ट के तहत सख्त नियमों द्वारा नियंत्रित होते हैं। हेट स्पीच, फेक न्यूज़, या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाली सामग्री से जुड़े कंटेंट पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। जिस तरह धर्म, जाति या नस्ल के आधार पर हिंसा भड़काने वाली पोस्ट दंडनीय हैं, उसी तरह जाति-आधारित अपमान और अत्याचार भी आपराधिक अपराधों की श्रेणी में आते हैं।

### अश्लीलता और सार्वजनिक शालीनता

भारत में ऐसे कानून भी हैं, जो सार्वजनिक जगहों और मीडिया में अश्लील या यौन रूप से स्पष्ट भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाते हैं। जो सामग्री शालीनता के मानकों का उल्लंघन करती है, उसे हटाया जा सकता है, और उसे बनाने वालों को कानूनी नतीजों का सामना करना पड़ सकता है।

**भिंडर को सख्त चेतावनी के साथ एक लाख रुपए का आर्थिक दंड**

# फोन यूज करना आरआर के मैनेजर को पड़ा भारी, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को डगआउट में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने पर सजा मिली है। बीसीसीआई ने भिंडर को सख्त चेतावनी दी है। साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। बीसीसीआई के सचिव देवाजीत सैकिया ने बताया कि बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट एसीयू ने रोमी भिंडर से स्पष्टीकरण मांगा था कि वह फोन अपने साथ क्यों ले जा रहे थे। उन्होंने इसका स्पष्टीकरण दिया, लेकिन एसीयू पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुई। इसलिए उन्हें सजा के तौर पर एक लाख रुपए का जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराएं।



### गुवाहाटी में भिंडर डगआउट में चला रहे थे फोन

दरअसल गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले के दौरान भिंडर डगआउट में फोन चलाते नजर आए थे। उस समय वैभव सूर्यवंशी उनके पास ही बैठे थे। सूर्यवंशी के पास बैठकर फोन का इस्तेमाल करते हुए भिंडर कैमरे में कैद हो गए, जिसके बाद बवाल मच गया। इसके बाद बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट ने उन्हें नोटिस भेजा और अगले 48 घंटों में जवाब देने के लिए कहा था।

### क्या है नियम

भिंडर ने डगआउट में फोन इस्तेमाल करके बीसीसीआई के 'खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के लिए न्यूनतम मानक' का उल्लंघन किया है। आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले हर फ्रेंचाइज के साथ पीएमओए शेयर किया जाता है, जिसमें फोन के इस्तेमाल को लेकर भी नियम है। नियमों के मुताबिक पीएमओए में मोबाइल फोन और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

## खबर संक्षेप

### शुभंकर ने जीता बोल्डर्स क्लासिक का खिताब



**हैदराबाद।** यूरोपीय टूर पर दो बार के विजेता शुभंकर शर्मा ने बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ के पहले आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। शुभंकर ने दिसंबर 2021 के बाद अपने पहले घरेलू टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सर्किट में यादगार वापसी करते हुए शुरुआती दो दौर के खेल में एक समान छह अंडर 66 के कार्ड के साथ बढ़त बना ली थी। दो बार के एशियाई टूर के विजेता ने तीसरे दिन आठ अंडर 64 के शानदार कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड कायम करते हुए अपनी बढ़त को और मजबूत किया। उन्होंने शुक्रवार को अंतिम दौर में भी अपना बढ़त बरकरार रखते हुए आसानी से चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

### जोबर्ग ओपनः प्रणवी ने बनाया तीन अंडर 70 का स्कोर



**जोहानिसबर्ग।** भारत की महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग लेडीज ओपन के पहले दौर में बिना बोगी के तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। प्रणवी इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पांच भारतीय खिलाड़ियों में कट बनाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं। वह पार-73 वाले रैंडपार्क गोल्फ क्लब में पहले दौर के बाद संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और दीक्षा डागर ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। अवनी प्रशांत ने दो ओवर 75 का स्कोर बनाया। हिताशी बख्शी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने चार ओवर 77 का स्कोर बनाया और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। फ्रांस की अगाथे लैस्ने, अमेरिका की ब्रियाना नवारोसा और फ्रांस की एरियन क्लॉट्ज़ ने सात अंडर 66 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की है।

### हैम्बर्ग स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में चोटरानी



**हैम्बर्ग।** विश्व में 47वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी वीर चोटरानी ने हैम्बर्ग ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जर्मनी के आठवीं वरीयता प्राप्त राफेल कांद्रा को 11-8, 11-7, 11-7 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत के अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त अभय सिंह, सातवीं वरीयता प्राप्त रमित टंडन और पूर्व महिला विश्व नंबर 10 जोशना चिनप्पा इस पीएसए कांस्य स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दौर में बाहर हो गए। अभय को इंग्लैंड के सैम टॉड से 9-11, 11-7, 4-11, 2-11 से और टंडन को हंगरी के बालाज़ फ़ार्कस से 10-12, 11-4, 5-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। जोशना को न्यूजीलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोएल किंग ने 11-9, 11-7, 9-11, 11-4 से हराया।

## गुजरात लगातार तीसरा मैच जीता, रबाडा ने 3 विकेट झटके


# गिल की 86 रन की पारी से टाइटंस ने केकेआर को पांच विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कैगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। कैमरून ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई। टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**कोलकाता आईपीएल सीजन में 5वां मैच हारी**

केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गिल ने 50 गेंदों की पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। रबाडा और सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (32 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में अच्छा साथ दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने अरोड़ा और कार्तिक त्यागी के खिलाफ आकर्षक चौकों से अपनी पारी का आगाज किया। उन्होंने तीसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अनुकूल रॉय के खिलाफ तीन छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर किए।



गिल
86 रन
50 गेंद
08 चौके
04 छक्के

### कोलकाता-180/10(20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सीफर्ट का फिलिप्स बो रबाडा | 19 |
| रहाणे का रबाडा बो सिराज | 00 |
| रघुवंशी का बटलर बो रबाडा | 08 |
| ग्रीन का बटलर बो राशिद | 79 |
| पॉवेल का सिराज बो अशोक | 27 |
| रॉय का बटलर बो प्रसिद्ध | 09 |
| रिंकू सिंह का बटलर बो रबाडा | 01 |
| रमनदीप का सिराज बो अशोक | 17 |
| सुनील का फिलिप्स बो सिराज | 00 |
| कार्तिक त्यागी रन आउट | 06 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |

अतिरिक्तः 14
कुल योगः 20 ओवर में सभी आउट 180 रन
विकेट पतनः 1-5, 2-21, 3-32, 4-87, 5-147, 6-148, 7-165, 8-166, 9-173
गेंदबाजीः सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, प्रसिद्ध 4-0-32-1, अशोक 4-0-45-2, राशिद 4-0-44-1

### शुभमन बने मैन आफ द मैच

### गुजरात-181/5 (19.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन का त्यागी बो नारायण | 22 |
| शुभमन गिल का ग्रीन बो अरोड़ा | 86 |
| जोस बटलर का ग्रीन बो चक्रवर्ती | 25 |
| सुंदर का त्यागी बो चक्रवर्ती | 13 |
| फिलिप्स का रिंकू बो रमनदीप | 19 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 07 |
| एम शाहरुख खान नाबाद | 03 |

अतिरिक्तः 16
कुल योगः19.4 ओवर में पांच विकेट परः 181 रन
विकेट पतनः 1-57, 2-95, 3-141, 5-177
गेंदबाजीः अरोड़ा 4-0-35-1, त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल 3-0-37-0, नारायण 4-0-28-1, चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1

**आईपीएल**

# जीत की लय में रॉयल चैलेंजर्स दिल्ली के लिए फिर कड़ी चुनौती

- आज दोपहर 3.30 बजे से रजत और अक्षर की टीमों में मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट कोहली पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप उनके पास है। लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। इसके विपरीत दिल्ली के बल्लेबाज अभी तक जूझते रहे हैं और वह सामूहिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली के लिए यह मुकाबला जीतना कड़ी चुनौती होगा।

# सीएसके के खिलाफ नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी सनराइजर्स

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

- आज रात 7.30 बजे से ईशान और रुतुराज की टीमों में भिड़ंत

प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले आईपीएल के मैच में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती मिली है। इससे उस टीम को बेहतर संतुलन मिला है, जो अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर थी। हिंगे और हुसैन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर और दबाव बनाने की कोशिश करेंगे, जो इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं।

**यूरोपा लीग**

# सेमीफाइनल में एस्टन विला, अब नॉटिंघम फॉरेस्ट से मुकाबला



एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा।

एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की।

### सेल्टा विगो को हराकर फ्रीबर्ग सेमीफाइनल में



फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा, जिसने पहले चरण में 1-1 से बराबरी के बाद कुल 4-2 के अंतर से जीत हासिल की।

# हार से बौखलाए हार्दिक ने कहा, अब कड़े फैसले लेने का समय आ गया

एजेंसी ▶▶| मुंबई



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी हार के बाद अपनी बात खुलकर रखते हुए कहा कि अब कुछ कड़े फैसले लेने का समय आ गया है और उनके खिलाड़ियों को टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेनी होगी।

पंड्या ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास कहने के लिए अधिक कुछ नहीं है। हमें बैठकर विचार करने की जरूरत है कि हम कहां पिछड़ रहे हैं। चाहे वह व्यक्तिगत खिलाड़ी हों, टीम हो, या हमारी रणनीति और काम करने का तरीका हो। इसे फिर से ठीक करना होगा।' इस तरह से पंड्या ने अप्रत्यक्ष रूप से सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन की तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, ' अब हमें यह देखना होगा कि क्या हमें कुछ कड़े फैसले लेने की जरूरत है या फिर हमें इसी तरह आगे बढ़ते हुए हालात को पलटने की कोशिश करनी चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारी खुद लेनी होगी।'

# पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी, कल से टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पहली महिला टी20 चैलेंज ट्रॉफी का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह टूर्नामेंट 19 अप्रैल से 2 मई तक रवांडा में खेला जाएगा। मैचों का आयोजन किगाली शहर के गहांगा क्रिकेट स्टेडियम के आस-पास के दो ग्राउंड में होगा।

शेड्यूल के मुताबिक, पांच टीमों के इस टूर्नामेंट के पहले दिन इटली का मुकाबला मेजबान रवांडा से होगा, जबकि नेपाल का मुकाबला यूएसए से होगा। वानुअतु को पहले दिन बाई मिली है, जिसके बाद 19 अप्रैल को उसका मुकाबला रवांडा से होगा। यह टूर्नामेंट आईसीसी की ओर से शुरू किया गया एक नया इवेंट है, जिसे एसोसिएट मेंबर टीमों को ज्यादा मौका देने के लिए शुरू किया गया है। यह इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शामिल हो गया है, जिसका पहला संस्करण पिछले नवंबर में हुआ था, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौके बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 2 मई तक चलेगा और इसका मकसद लगातार, हाई-क्वालिटी मैच का अनुभव देना है। यह पहल आईसीसी की दुनिया भर में महिला क्रिकेट को मजबूत करने और नई टीमों को मजबूत टीमों के खिलाफ मुकाबला करने के लिए तैयार करने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है।

## ट्रेनिंग के दौरान त्रिसा जॉली हुईं चोटिल

# भारत को झटका, उबेर कप फाइनल्स से हटी त्रिसा-गायत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की त्रिसा जॉली की टखने की चोट के कारण उनकी और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने आगामी उबेर कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। इससे डेनमार्क में भारत के अभियान को करारा झटका लगा। भारत 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाले थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में हिस्सा लेगा। भारतीय युगल कोच बी सुमित रेड्डी ने कहा, 'दुखद है कि बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए रवाना होने से महज दो तीन दिन पहले त्रिसा का टखना मुड़ गया।

ट्रेनिंग के दौरान यह दुर्घटना हुई जब उनका पैर उनकी जोड़ीदार के पैर पर पड़ गया।' उन्होंने कहा, 'वह अभी आराम कर रही हैं और 'रिहैबिलिटेशन' करेंगी। यह बड़ी चोट नहीं है, चार हफ्तों में यह ठीक हो जाना चाहिए। वह मई के अंत में होने वाले सिंगापुर ओपन में वापसी की कोशिश करेंगी।'



### सात्विक और चिराग डेनमार्क के लिए रवाना

वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थॉमस कप फाइनल्स की तैयारी के लिए पहले ही डेनमार्क के लिए रवाना होंगे। सुमित ने कहा, 'वे टूर्नामेंट से कुछ दिन पहले डेनमार्क में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। विश्व रैंकिंग पर चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने भी मार्च में स्विस ओपन क्वार्टरफाइनल से हटने का फैसला किया था। ऐसा सात्विक की कंधे की चोट के कारण हुआ था। इस जोड़ी ने इस हफ्ते के शुरू में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय पुरुष और महिला टीम ग्रुप ए में शामिल है।

### स्विस ओपन से भी हटी थी भारतीय जोड़ी

त्रिसा के कंधे की वजह से पिछले महीने भी यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन से हट गई थी। बासेल में पहले दौर के शुरूआती गेम में यह जोड़ी चीनी ताइपे की हु लिंग फांग और झेंग यु चिएह की जोड़ी से पिछड़ रही थी, जिसके बाद उन्हें रिटायर होना पड़ा। सुमित ने कहा, 'युगल में इस तरह की मामूली चोट होती रहती हैं। उसे (त्रिसा) को पहले कंधे की समस्या हुई थी लेकिन अब यह ठीक है।' भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने उनकी जगह अब श्रुति मिश्रा और प्रिया कोंजेंगबाम को चुना है, जिनकी विश्व रैंकिंग 48 है। यह जोड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी, जिसने 2024 में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

Divisa

आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा

100% Ayurvedic

असर पहले दिन से




Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

Dr. Juneja's EYE Mantra®

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

Clinically Tested* *For efficacy and safety.

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores

# ड्रोन खतरों से निपटने के लिए रणनीति मजबूत, सैन्य आधुनिकीकरण पर जोर

*भारतीय सेना के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक और वैश्विक स्तर पर मौजूदा परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और काउंटर मानव रहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के उपयोग व परिचालन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में द्विवार्षिक आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस (एसीसी) 13 से 16 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। कांफ्रेंस के दौरान वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व ने कई मुद्दों चर्चा की। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया। कैबिनेट सचिव, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, रक्षा सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड अध्यक्ष के अलावा नौसेना प्रमुख सहित सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने कमांडर्स को संबोधित किया। वहीं भारतीय सेना ने 'भविष्य के लिए तैयार बल' के रूप में विकसित होने की परिकल्पना के अनुरूप वर्ष 2026 को नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष घोषित किया है।

**द्विवार्षिक आर्मी कमांडर्स कांफ्रेंस का समापन**

**युद्धक ड्रोन व मानव रहित हवाई प्रणालियां शामिल की जा रहीं**

## आधुनिक युद्धों की तकनीक पर काम किया जा रहा


आर्मी कमांडर्स सम्मेलन में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया

भारतीय सेना के मुताबिक, 'ऑपरेशन सिंदूर' से मिले सबक और वैश्विक स्तर पर मौजूदा परिचालन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानवरहित हवाई प्रणालियों (यूएएस) और काउंटर मानव रहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के उपयोग व परिचालन क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारतीय सेना लगातार आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रही है। खासतौर पर आधुनिक युद्धों की तकनीक व तौर तरीकों पर काम किया जा रहा है। यही कारण है कि युद्धक ड्रोन व मानव रहित हवाई प्रणालियां लगातार भारतीय सेना में शामिल की जा रही हैं।

### नेटवर्किंग और डेटा केंद्रित मुद्दों पर मंथन

*इस सम्मेलन में सेना के आधुनिकीकरण व युद्ध अभियानों में प्रौद्योगिकी के समावेश पर मंथन किया गया। सेना की सैद्धांतिक और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ ऑपरेशनल तत्परता बढ़ाने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता से संबंधित कई मुद्दों पर कमांडर्स के साथ चर्चा की गई।*

### बेहतर तालमेल पर जोर

*रक्षा मंत्रालय के मुताबिक बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य और उभरते वैश्विक, क्षेत्रीय और आंतरिक सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर इस सम्मेलन में बात की गई। वैश्विक संघर्षों से प्राप्त सबकों का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए, वक्ताओं ने देश की रणनीतिक और सुरक्षा हितों की गारंटीकृत सुरक्षा के लिए कठोर शक्ति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अंतर-मंत्रालयी समन्वय, नागरिक और सैन्य संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल और जटिल सुरक्षा चुनौतियों के समन्वित राष्ट्रीय समाधान के लिए राष्ट्रव्यापी दृष्टिकोण पर जोर दिया।*

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

*चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि वर्तमान आपूर्ति श्रृंखला संकट को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और दीर्घकालिक रणनीतिक लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है।*

## खबर संक्षेप

### जैकलिन फर्नांडीस बनेंगी सरकारी गवाह



**नई दिल्ली।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की इच्छा जाहिर की है। जैकलीन ने यह बात पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान कही। उन्होंने कोर्ट में एक अर्जी दाखिल कर सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई और साथ ही कहा कि वह जांच एजेंसियों का पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं।

### नेपाल में भारतीय वाहनों के लिए नए नियम

**काठमांडू।** नेपाल के नए पीएम बालेंद्र शाह के नए नियम अनुसार अब किसी भी भारतीय सवारी साधन को सीमा में प्रवेश करने से पहले आधिकारिक भंसार अनुमति लेना अनिवार्य है। प्रतिदिन के हिसाब से दोपहिया वाहन पर 100 रुपए, तीन पहिया वाहन पर 400 रुपए और चार पहिया वाहन (कार, जीप, वैन) पर 600 रुपए का शुल्क भंसार कार्यालय पर जमा करना होता है।

### जिम्बाब्वे में मिनीबस में लगी आग, 18 की मौत

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे में गुरुवार को एक मिनीबस टैक्सी में भीषण आग लगने से करीब 18 लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी के अनुसार, मृतकों की सटीक संख्या का अभी सत्यापन किया जा रहा है, लेकिन यह आंकड़ा लगभग 18 बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि यह मिनीबस देश के दूसरे सबसे बड़े शहर बुलावायो के पास एक हाईवे पर अचानक आग की लपटों में घिर गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है और मामले की जांच जारी है।

### ईरान के साथ सीजफायर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

# परमाणु हथियार 'नहीं' बनाने पर राजी हुआ ईरान सौंपेगा यूरेनियम भंडार, तेहरान बोला बेबुनियाद

*व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे*

### शांति वार्ता पर दूसरी बैठक के लिए ट्रंप जा सकते हैं पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के साथ हुए हालिया सीजफायर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में बड़ा दावा करते हुए कहा है कि ईरान, परमाणु हथियार नहीं बनाने पर राजी हो गया है और ईरान अपना संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम भी सौंपने को तैयार हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये भी कहा कि अगर सबकुछ सही रहा तो वे जल्द ही शांति वार्ता पर बात करने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे। ट्रंप ने आगे संकेत दिया कि अगर यह समझौता इस्लामाबाद में होता है, तो वह पाकिस्तान की यात्रा भी कर सकते हैं।


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप    फाइल फोटो

### सब कुछ सकारात्मक होगा

ट्रंप ने कहा कि हम ये सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार न हो। अगर ऐसा होता है तो इससे काफी परेशानी होगी। ये बेहद अहम है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए तैयार भी हो गया है। वे इसके लिए मान गए हैं और उन्होंने परमाणु डस्ट को भी हमें सौंपने की सहमति दे दी है। हम ईरान के साथ कई समझौते करने जा रहे हैं और मुझे लगता है कि सबकुछ बहुत सकारात्मक होगा।

### समझौता नहीं हुआ तो फिर युद्ध शुरू होगा

ट्रंप ने कहा कि हम बहुत अच्छा कर रहे हैं। हमें संघर्ष विराम को बढ़ाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। ईरान सौदा करना चाहता है और हम भी बहुत अच्छे से उनके साथ बात कर रहे हैं। स्टॉक मार्केट बेहतर स्थिति में है। तेल के दाम गिर रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही ईरान के साथ समझौता कर लेंगे। ट्रंप ने ये भी चेतावनी दी कि अगर ईरान के साथ समझौता नहीं हो सका तो युद्ध जारी रहेगा।

### 'हमास' को आतंकी संगठन घोषित करे भारतः इजराइल



इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इजराइल ने कई मोर्चों पर बढ़त हासिल की है और उसने इस्लामी चरमपंथ के 'आतंकी नेटवर्क' को काफी कमजोर किया है, जिसका नेतृत्व ईरान करता है। उन्होंने कहा कि भारत को हमास को एक आतंकवादी संगठन घोषित करना चाहिए। हमास के संबंध अन्य चरमपंथी संगठनों से हैं, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) भी शामिल है। इस तरह के संगठनों के बीच वैश्विक स्तर पर जुड़ाव है और ये मिलकर काम करते हैं।

**इजराइल के राष्ट्रपति बोले**

### दक्षिणी लेबनान में 10 किमी का सुरक्षा जोन बनाए रखेगा इजराइल



तेल अवीव। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजराइल दक्षिणी लेबनान में 10 किलोमीटर का सुरक्षा क्षेत्र बनाए रखेगा। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने हिजबुल्ला की उस मांग को ठुकरा दिया, जिसमें इजराइली सेना को अंतरराष्ट्रीय सीमा तक पीछे हटने के लिए कहा गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि इजराइली सेना लेबनान के अंदर बनाए गए इस सुरक्षा क्षेत्र में ही तैनात रहेगी। उनका कहना है कि यह सुरक्षा क्षेत्र उत्तरी इजराइल के इलाकों को हमलों और टैंक रोधी हथियारों से बचाने में मदद करेगा।

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि लेबनान के साथ एक ऐतिहासिक शांति समझौता करने का मौका है। उन्होंने बताया कि ट्रंप इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए उन्हें और लेबनान के राष्ट्रपति को बातचीत के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं। नेतन्याहू के अनुसार, यह मौका इसलिए बना है क्योंकि इजराइल ने लेबनान में ताकत का संतुलन अपने पक्ष में बदल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक महीने में लेबनान की ओर से सीधे शांति वार्ता के संकेत मिले हैं।

उन्होंने बताया कि इन बातचीतों में इजराइल की दो मुख्य शर्तें होंगी- पहली, हिजबुल्ला को पूरी तरह हथियार छोड़ने होंगे, और दूसरी, एक स्थायी शांति समझौता होना चाहिए।

**भारत-चीन एससीओ परामर्श**

## द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर जोर, फैसले लागू करने पर सहमत


भारत के आलोक ए. डिमरी और चीन के यान वेनबिन चर्चा करते हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन ने 16-17 अप्रैल को नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) द्विपक्षीय परामर्श आयोजित किया गया। भारत के एससीओ के राष्ट्रीय समन्वयक आलोक ए. डिमरी और चीन के राष्ट्रीय समन्वयक राजदूत यान वेनबिन ने संबंधित प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया। दोनों पक्षों ने एससीओ नेताओं के फैसलों को लागू करने और संगठन के भविष्य के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्ष एससीओ मामलों में आपसी सहयोग और सलाह-मशविरा जारी रखने और उसे मजबूत करने पर सहमत हुए। दोनों डेलीगेशन ने मिलकर सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज से एससीओ फ्रेमवर्क के अंदर सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा करने के लिए मुलाकात की। दोनों पक्ष भविष्य में आपसी सलाह-मशविरा जारी रखने पर सहमत हुए।

**सुरक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी पर की समीक्षा**

### तजाकिस्तान के साथ फिनटेक, फार्मा क्षेत्र पर चर्चा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ताजिकिस्तान गणराज्य के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन से मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि दुशांबे में भारत-ताजिकिस्तान विदेश कार्यालय परामर्श का पांचवां दौर भी आयोजित किया गया, जिसकी सह-अध्यक्षता सचिव (पश्चिम) और उप विदेश मंत्री इदिबेक कलंदर ने की। उन्होंने वर्तमान द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा की, जिसमें व्यापार और आर्थिक संबंध, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, फिनटेक, फार्मास्यूटिकल्स, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे आपसी हित के क्षेत्र शामिल थे।*

### ईरान से तेल खरीद पर भारत का खेल

## डॉलर छोड़ युआन में कर दिया भुगतान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने ईरान से खरीदे गए तेल का भुगतान चीनी मुद्रा युआन में किया है। यह पेमेंट मुंबई स्थित आईसीआईसीआई बैंक के जरिए किया गया, जिसने अपनी शंघाई शाखा के माध्यम से रकम ट्रांसफर की। भारतीय रिफाइनर्स ने सात साल बाद ईरान से तेल खरीदा है। भारत की सबसे बड़ी सरकारी रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने इस महीने की शुरुआत में 20 लाख बैरल ईरानी कच्चा तेल खरीदा। यह तेल बड़े जहाज जया के माध्यम से आया। यह करीब 20 करोड़ डॉलर (करीब 1857 करोड़ रुपए) का सौदा था और पिछले सात वर्षों में भारत की पहली ईरानी तेल खरीद मानी जा रही है।

## सीजेआई ने नए 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' को कानूनी कार्य एआई से कराने के खिलाफ चेतावनी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को विधि पेशे के नैतिक दायित्वों पर जोर देते हुए नए 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' (एओआर) को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) या अन्य बाहरी पक्षों को कानूनी कार्य 'आउटसोर्स' करने के खिलाफ चेतावनी दी। संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार, केवल उन्हीं अधिवक्ताओं को शीर्ष अदालत में किसी पक्ष की ओर से पैरवी करने का अधिकार है जिन्हें 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' के रूप में नामित किया गया है।

उच्चतम न्यायालय वकीलों को एओआर के रूप में नामित करने से पहले उनकी परीक्षा आयोजित करता है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने नए एओआर को उनके प्रवेश समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल बार के सदस्य हैं बल्कि न्यायालय के औपचारिक ''अधिकारी'' भी हैं, जिन पर न्यायपालिका उनकी कर्मठता के लिए बहुत अधिक निर्भर करती है और उन पर जाया गया भरोसा वह आधारशिला है जिस पर उन्हें अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करना चाहिए।

### एअर इंडिया के पायलट के पास से बरामद हुआ गांजा, अमेरिका से वापस भेजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एक उड़ान में यात्री के तौर पर सफर करने वाले एअर इंडिया के एक पायलट के पास कथित तौर पर गांजा (मारिजुआना) बरामद किया गया, जिसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने उन्हें वापस भेज दिया। विमानन कंपनी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "हमारे चालक दल के एक सदस्य एक आगामी उड़ान के संचालन के लिए 14 अप्रैल को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को पहुंचे थे, जिन्हें स्थानीय कानूनों के अनुसार प्रवेश के लिए अयोग्य पाया गया और वापस भारत भेज दिया गया।" सूत्रों के अनुसार, सह-पायलट के पास कथित रूप से मादक पदार्थ गांजा मिला था।

**विदेश मंत्री जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल से की मुलाकात**

## यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सचिव रुस्तम उमेरोव पहुंचे नई दिल्ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने शुक्रवार को भारत दौरे के दौरान एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, सहयोग और रूस-यूक्रेन संघर्ष की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने 17 अप्रैल 2026 को एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष पर चर्चा की।



एनएसए ने भारत के सैद्धांतिक रुख को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया।

### द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जल्द लगेगी मुहर

*वॉशिंगटन। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसद पीट सेशंस के साथ आपसी हित के मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों के बीच मजबूत साझेदारी के लिए उनके समर्थन की सराहना की। सेशंस वर्तमान में सदन की वित्तीय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य हैं और सदन की निगरानी और सरकारी सुधार समिति की सरकारी संचालन उपसमिति के अध्यक्ष हैं। क्वात्रा ने गुरुवार को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार राबर्ट ओ ब्रायन से मुलाकात की।*

### आर्टेमिस-2 मिशन के एस्ट्रोनॉट्स ने वैश्विक समर्थन पर जताया आभार, कहा

# मिशन युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के आर्टेमिस-2 के एस्ट्रोनॉट्स रीज वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसेन धरती पर सुरक्षित लौट आए हैं। उन्होंने मिशन के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान देते हुए स्पेस और चांद का रोमांचक अनुभव साझा किया और दुनिया भर से मिले अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। क्रू सदस्यों ने भावुक होते हुए कहा कि पृथ्वी से दूर चांद के आसपास का अनुभव जीवन बदलने वाला था। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मिशन युवाओं को विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करेगा।

**मिशन को दुनिया से जबरदस्त समर्थन मिला**

**मिशन ऐसा था जो दुनिया को साथ ले आया**




### मिशन अविश्वसनीय रोमांच, टीम का शुक्रिया

मिशन के कमांडर रीड वाइजमैन ने बताया कि विक्टर, क्रिस्टीना, जेरेमी, आप सबका धन्यवाद। यह एक अविश्वसनीय रोमांच था और यह इस क्रू और पूरी यात्रा के दौरान एक-दूसरे के सहयोग से ही संभव हो पाया। हमारे बीच हमेशा के लिए एक खास रिश्ता बन चुका है। चार इंसान इससे ज्यादा करीब नहीं हो सकते, सिवाय इसके कि वे एक परिवार हों। वाइजमैन ने पूरी टीम का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने ओरियन स्पेसक्राफ्ट को 'ओटे-इंटीग्रेटी' नाम दिया और कहा कि नासा और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने यह शानदार मशीन तैयार की, जो चार इंसानों को चांद के चारों ओर घुमाकर सुरक्षित वापस ला सकी।

### मिशन का लोगों पर गहरा असर पड़ा

*मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि हमने यह सब मिलकर किया है। हम आपके दिलों को अपने साथ ले गए थे और आपके दिलों ने हमारे दिलों को खुश कर दिया। क्रिस्टीना ने बताया कि लौटने के बाद उनके पति ने लोगों से बात की और बताया कि मिशन का लोगों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह असर सिर्फ देखने वालों की संख्या का नहीं था, बल्कि इसने लोगों के बीच की तमाम सीमाओं और पहचानों को पीछे छोड़ दिया था।*

### एक दूसरे का हौसला बढ़ाया

*क्रू सदस्यों ने बताया कि मिशन के दौरान उन्होंने एक-दूसरे का हौसला बढ़ाया और टीम वर्क की मिसाल पेश की। उन्होंने नासा की पूरी टीम, इंजीनियर्स और दुनिया भर के लोगों को धन्यवाद दिया, जिनके समर्थन से यह मिशन सफल हुआ। आर्टेमिस-2 मिशन चांद के चारों ओर मानवयुक्त उड़ान का महत्वपूर्ण कदम है, जो भविष्य के आर्टेमिस कार्यक्रम और चंद्रमा पर मानव लैंडिंग की तैयारी है। अंतरिक्ष यात्रियों ने कहा कि यह यात्रा न सिर्फ उनके लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणादायक रही।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28